सुविचार

डरने वालो को नही मिलता कुछ ज़िन्दगी में, लड़ने वालों के कदमो में जहांन होता है।

RNI : RAJHIN13216/2005

दैनिक **गरीबों का सितारा**

।। दशकों पुराना साथ।।

निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"

हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्षः 17 | अंकः 244 | पेजः 8 | मूल्य 01 रु. | जयपुर, सोमवार 27 मार्च, 2023 | Email: garibonkasitara@gmail.com


# फूलों का नहीं, कांटों का ताज पहना है 'सीपी जोशी' ने

## आज होगा विशेष शपथ ग्रहण समारोह, साधारण गांव एवं परिवार से निकल आज प्रदेश बीजेपी के कप्तान

गरीबों का सितारा

राजनीतिक संवाददाता, प्रमोद कुमार शर्मा

**जयपुर।** प्रदेश भाजपा के नवनियुक्त अध्यक्ष सीपी जोशी ने फूलों का नहीं, कांटो का ताज पहना है। हालांकि जोशी वर्तमान में प्रदेश भाजपा में उपाध्यक्ष पद पर तैनात हैं इसलिए प्रदेश भाजपा के हालातों से अच्छी तरह से वाकिफ हैं लेकिन अब अध्यक्ष बनने के बाद वे इस बात को भी जानते हैं कि चालू साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार–जीत का ठीकरा भी उन्हीं के सिर फोड़ा जाएगा इसलिए गुटबाजी से जूझ रही भाजपा को संभालने के लिए उन्हें फूंक फूंक कर कदम आगे बढ़ाने होंगे। हालात काफी विकट और चुनौतीपूर्ण है। बतौर पार्टी के अध्यक्ष तौर पर सतीश पूनिया का कार्यकाल भी काफी शानदार रहा लेकिन इसके बावजूद भी कहीं ना कहीं भाजपा के दिल्ली दरबार को यह महसूस हुआ कि आगामी चुनाव के मध्य नजर किसी दूसरे नेता को पार्टी की बागडोर सुपुर्द करना बेहद जरूरी है जिसके फलस्वरूप संगठन में अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद भी पूनिया को कुर्सी छोड़नी पड़ी इस तथ्य से नवनियुक्त अध्यक्ष सीपी जोशी भी अच्छी तरह से वाकिफ हैं ' जोशी जानते हैं कि पार्टी के संगठन को मजबूत करने के साथ–साथ पार्टी की गुटबाजी में लिप्त नेताओं को एक मंच पर लाकर उनका विश्वास जीता जाए ' वे यह भी जानते हैं कि पार्टी की गुटबाजी को दूर करना आसान नहीं है, यह बहुत बड़ा चैलेंज है लेकिन मीडिया पर्सन से बातचीत के दौरान जोशी ने गुटबाजी को दूर करने के लिए जो अपना प्लान और रवैया बताया है उससे यह उम्मीद की जा सकती है कि वे पार्टी की गुटबाजी में लिप्त नेताओं को एक जाजम पर बिठा ही देंगे। जोशी अपने छात्र जीवन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कर्मठ और श्रेष्ठ कार्यकर्ता रहे, राजस्थान भाजपा में युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रहे, छात्र संघ के अध्यक्ष भी बने बाद में राष्ट्रीय स्वयं संघ से भी दिल से जुड़े रहे संघ में भी जोशी का बहुत अच्छा काम रहा इसलिए राजनीतिक हलकों में यह भी चर्चा है कि संघ के आशीर्वाद से ही जोशी की नियुक्ति हुई है ' चर्चा यह भी है कि हाल ही में जयपुर में हुई ऐतिहासिक ब्राह्मणों की रैली में जातिगत समीकरण साधने के लिए पार्टी हाईकमान की ओर से जोशी को अध्यक्ष पद पर तैनात किया गया। जोशी को नियुक्त करने का चाहे कोई भी कारण हो लेकिन विधानसभा चुनावों से कुछ माह पहले ही जिस तरह से जोशी को राजस्थान भाजपा की कमान सौंपी गई यह अपने आप में काफी चौंकाने वाला और महत्वपूर्ण निर्णय है, हाईकमान के इस निर्णय की महत्ता को जोशी भी समझते हैं।



सितारा न्यूज नेटवर्क
पालिटिक्स
बिग स्टोरी

### वसुंधरा राजे समर्थक नेता भी जोशी के स्वागत सत्कार में जुटे

प्रदेश भाजपा के नवनियुक्त अध्यक्ष सीपी जोशी के स्वागत सत्कार की तैयारियां प्रदेश भाजपा कार्यालय में जोर शोर से जारी है। आज सोमवार को जोशी समारोह पूर्वक प्रदेश भाजपा कार्यालय में कार्यभार ग्रहण करेंगे इसके लिए वसुंधरा राजे समर्थक नेता भी जोशी के स्वागत सत्कार की तैयारियों में जुटे हुए देखे गए। जिस तरह से जोशी के स्वागत सत्कार की तैयारियों में वसुंधरा राजे समर्थक नेता दिल से जुड़े हुए देखे गए उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि आने वाले दिनों में वसुंधरा राजे समर्थक नेता नवनियुक्त पार्टी अध्यक्ष सीपी जोशी के साथ कदम से कदम मिलाकर पार्टी की गतिविधियों को अंजाम देंगे जिसकी वजह से पार्टी की गुटबाजी अपने आप ही विराम लग जाएगा लेकिन राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि प्रदेश भाजपा की गुटबाजी को दूर करना इतना आसान भी नहीं है।



### बड़ी उम्मीद और भरोसे से इन्हें मिली जिम्मेदारी

जोशी यह भी जानते हैं पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बड़ी उम्मीद और भरोसे से उन्हें एक ऐसे स्टेट की जिम्मेवारी सौंपी है जहां पार्टी विपक्ष की भूमिका में है, अशोक गहलोत जैसा बड़ा राजनेता तीसरी बार सीएम की कुर्सी पर विराजमान हैं, गहलोत ने वर्तमान कार्यकाल में जितने भी बजट प्रस्तुत किए वे सभी बजट जनता को लुभाने वाले प्रस्तुत किए गए आखिरी बजट भी पूरी तरह से चुनावी बजट ही नजर आया इसके अलावा गहलोत ने पहली बार प्रदेश के इतिहास में 19 नए जिले बनाकर प्रदेश की जनता का विश्वास हासिल करने का प्रयास किया,



इन सब तथ्यों के अलावा जोशी यह भी जानते हैं कि विगत 3 साल में सतीश पूनिया और वसुंधरा राजे के बीच राजनीतिक दूरियां बनी रही जो पार्टी की गुटबाजी का बड़ा कारण बनी हुई है इसलिए इस गुटबाजी को दूर करने के लिए जोशी को काफी मेहनत और दौड़-धूप करनी पड़ सकती है हालांकि जोशी जितने अनुशासित ,कर्मठ और धैर्यवान नेता माने जाते हैं उतने ही वे काफी जोशीले और ऊजार्वान नेता भी है ' अच्छा बोलते हैं और विपक्ष पर हमला करने में भी काफी माहिर हैं अपने भाषणों से जोशी ने लोकसभा में भी कई बार सबको प्रभावित किया है पीएम नरेंद्र मोदी भी जोशी की काबिलियत और प्रतिभा से अच्छी तरह से वाकिफ है इसलिए पार्टी हाईकमान को यह पूरी उम्मीद है कि विधानसभा चुनाव से पहले जोशी अपने बुद्धि कौशल और चतुराई से गुटबाजी को पार्टी से उखाड़ देंगे और प्रदेश के सभी छोटे बड़े भाजपाइयों के दिलों को आपस में जोड़ देंगे ' हालांकि पुनिया ने 3 साल में पार्टी हाईकमान के निर्देश पर पार्टी के संगठन को जिला मंडल और बूथ स्तर पर काफी मजबूत कर दिया है ' इसलिए संगठन को लेकर जोशी को ज्यादा माथापच्ची नहीं करनी पड़ेगी लेकिन पार्टी की गुटबाजी को दूर करना उनके लिए एवरेस्ट की चोटी को फतह करना जैसा साबित होगा।

### प्रदेशाध्यक्ष नटवाड़िया ने भी दी बधाई



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पद पर सांसद सीपी जोशी का मनोनयन करने पर भाजपा राष्ट्रीय शाह शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रमेंद्र नटवाड़िया भी ने स्वागत किया है। सोशल मीडिया पर उन्होंने कहा कि युवा नेतृत्व को भाजपा संगठन की कमान मिलने से प्रदेश में संगठन में मजबूती आएगी। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में पूरे देश में प्रगति व उत्साह का माहौल है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में अब सत्ता परिवर्तन का समय आ गया है। कांग्रेस ने किसानों, युवाओं, बेरोजगारों के साथ जो छलावा किया है उसका परिणाम कांग्रेस को आने वाले 2023 के विधानसभा चुनाव में भुगतना पड़ेगा।

### प्रदेश भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों ने जोशी का किया स्वागत

भाजपा के नवनियुक्त अध्यक्ष सीपी जोशी वर्तमान में चित्तौड़गढ़ से सांसद हैं वे दूसरी बार वर्ष 2019 में चित्तौड़गढ़ से सांसद चुने गए थे, हाल ही में जब पार्टी हाईकमान की ओर से सीपी जोशी राजस्थान भाजपा का अध्यक्ष नियुक्त करने का फरमान जारी किया उस समय जोशी दिल्ली में ही है जोशी के प्रदेश अध्यक्ष पद पर नियुक्ति का फरमान जारी होने के तुरंत बाद से ही जोशी को बधाई देने वालों का तांता लग गया। भाजपा के संगठन से जुड़े नेता, विधायक, पूर्व विधायक, सांसद, पूर्व सांसद सभी दिल्ली पहुंचकर जोशी को बधाई दे रहे हैं इसी क्रम में राजस्थान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एम सादिक खान, मोर्चा के प्रदेश महामंत्री हमीद खान मेवाती, मोर्चा के उपाध्यक्ष अयूब खान सहित मोर्चे के अन्य पदाधिकारी दिल्ली में जोशी के आवास पर पहुंचे और जोशी को गुलदस्ता भेंट करके उन्हें उनके अच्छे कार्यकाल की शुभकामनाएं प्रेषित की। प्रदेश भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री हमीद खान मेवाती ने बताया कि पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सांसद सीपी जोशी काफी जोशीले ऊजार्वान नेता तो है ही इसके अलावा लोकसभा में उन्होंने अपने भाषणों से संसद के सदस्यों को भी काफी प्रभावित किया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जोशी से काफी प्रभावित है हमीद खान मेवाती ने कहा कि पार्टी के लिए वर्तमान अध्यक्ष सतीश पूनिया का कार्यकाल भी बहुत शानदार रहा और अब पार्टी के नए अध्यक्ष सीपी जोशी का कार्यकाल भी काफी ऐतिहासिक रहेगा क्योंकि सीपी जोशी सभी वर्ग और जाति के लोगों को साथ में लेकर चलने वाले नेता माने जाते हैं। मेवाती ने कहा कि जोशी की अगवाई में राजस्थान में विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत होगी और फिर अगले साल लोकसभा चुनाव में भी भाजपा सभी 25 सीटों पर जीत दर्ज करेगी।



### शपथ ग्रहण समारोह : ब्यावर से भी भाजपा कई पदाधिकारी होंगे शामिल

हजारो की संख्या में कार्यकर्ता और जनता आने की उम्मीद


गरीबों का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** भारतीय जनता पार्टी, राजस्थान के नवनियुक्त यशस्वी प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी का आज सोमवार को जयपुर भाजपा प्रदेश कार्यालय में शपथ ग्रहण समारोह रखा गया है, उक्त कार्यक्रम में ब्यावर से भी भाजपा के कई पदाधिकारी एवं कार्यकताओं शामिल होंगे प्राप्त जानकारी के अनुसार भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मंत्री अभिषेक सिंह एवं भाजपा किसान मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य प्रसून शुक्ला भी बहुसंख्यक भाजपा सदस्यों के साथ शामिल होंगे। उक्त कार्यक्रम में भाजपा देहात महिला मोर्चा की मंत्री मंजू जांगिड़ भी शामिल होगी। इसी तरह भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष श्रवण सिंह भाटी भी अपने बहुसंख्यक भाजपा कार्यकताओं के साथ शामिल होंगे।









### जयपुर में हिंदू रणभेरी रैली पर पथराव : उपद्रवियों ने किया हमला, पुलिस ने 12 से ज्यादा युवकों को पकड़ा

**जयपुर।** जयपुर ग्रामीण इलाके में निकली हिंदू रणभेरी बाइक रैली पर उपद्रवियों ने जमकर पथराव कर दिया। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान हालात तनावपूर्ण बन गए। रैली की सुरक्षा में तैनात पुलिस भी तुरंत कुछ नहीं कर पाई। बाद में बड़ी संख्या में फोर्स बुलवाकर उपद्रवियों को खदेड़ा गया। पुलिस ने 12 से ज्यादा युवकों को पकड़ा है। जयपुर ग्रामीण एसपी डॉक्टर राजीव पचार ने बताया- हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में जमवारामगढ़ के रायसर इलाके के ताला गांव में रैली निकलने के दौरान कुछ उपद्रवियों ने पथराव किया। इलाके में अतिरिक्त फोर्स की तैनाती की गई है। फिलहाल मौके पर शांति है। हिंदू रणभेरी बाइक रैली रविवार सुबह करीब सवा 10 बजे खेल मैदान चंदवाजी से शुरू हुई। इसके बाद यह रैली चंदवाजी, पीलवा, चांदावास,



ताला गांव, राजपुरा, बाच्यावास, श्यामपुरा, ताला जोहड़ा, दंताला गुजरान, दंताला मीणा, बिलोद, टोड़ा होते हुए टोडेश्वार महादेव मंदिर में खत्म होती। रैली रोशन लाल के नेतृत्व में निकाली जा रही थी। दोपहर करीब 3 बजे रायसर थाना इलाके के ताला जोहड़ा के पास कुछ उपद्रवियों ने पथराव कर दिया। रैली में मौजूद साधूराम जाट की ओर से रायसर थाने में केस दर्ज करवाया गया है। पथराव के दौरान रैली का अधिकांश हिस्सा आगे निकल चुका था। अंत में बचे कुछ लोगों पर पत्थर फेंके गए। घटना के बाद रैली आगे निकल गई।




| पूर्वानुमान> | सोम | मंगल | बुध | गुरु |
|---|---|---|---|---|
| 22° अधिकतम> | 31°c | 30°c | 29°c | 30°c |
| न्यूनतम> | 18°c | 17°c | 17°c | 17°c |

### ब्यावर विधायक शंकर सिंह रावत ने जिले की घोषणा होने पर दी बधाई

# विधायक रावत ने गत दिनों नीलकंठ में पुजारी के साथ हुई मारपीट को बताया राजनीतिक षड्यंत्र

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** वैसे देखा जाए तो उक्त शहर राजस्थान में कई चीजों के लिए लोकप्रिय रहा है चहाये सूती वस्त्र की प्रथम मिल हो अथवा तिलपट्टी हो साथ ही माननीय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पिछले दिनों 19 जिलों की घोषणा की जिसमें ब्यावर का नाम भी अग्रिम पंक्ति में परिलक्षित हुआ ब्यावर के जिले की घोषणा के बाद से ही शहर में हर्षोल्लास का माहौल हुआ रविवार को ब्यावर विधायक शंकर सिंह रावत ने एक प्रेस वार्ता का आयोजन रखा जिसमें पत्रकारों से बातचीत करते हुए ब्यावर जिले की घोषणा का श्रेय ब्यावर की जनता को दिया साथ ही उन्हें बधाई का पात्र भी बताया उक्त अवसर पर आमजन की बात को सरकार तक पहुंचाने में मीडिया कर्मियों का विशेष योगदान होता है उसी को मध्य नजर रखते हुए मीडिया कर्मियों को भी जिला बनने की बधाई दी प्रेस वार्ता के दरमियान भाजपा के विधायक शंकर सिंह रावत ने गत दिनों नीलकंठ में महादेव मंदिर के पुजारी के साथ हुई मारपीट को राजनीतिक षड्यंत्र बताया साथ ही उक्त घटनाक्रम में स्वयं को निर्दोष बताया मीडिया से रूबरू होते हुए यह भी कहां है कि उक्त पुजारी सूरज नाथ के साथ किसी भी तरह की मारपीट नहीं हुई है केवल राजनीतिक षड्यंत्र के तहत मेरी छवि धूमिल करने की कोशिश की जा रही है साथ ही प्रेस वार्ता के दरमियान विधायक रावत ने यह भी कहा है कि मेरी बढ़ती हुई लोकप्रियता एवं राजनैतिक छवि को धूमिल करने में भाजपा के ही वरिष्ठ व्यक्ति का प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष षड्यंत्र है साथ ही मुझे बदनाम करने की भरसक साज़िश रचने के प्रयास किए है।



### पाली कलेक्टर को भी शिकायत दी गई

ब्यावर विधायक शंकर सिंह रावत का यह भी कहना है नीलकंठ क्षेत्र में असामाजिक गतिविधियों के निवारण हेतु एवं अनावश्यक चरागाह की भूमि पर अतिक्रमण को हटाने को लेकर भी पाली कलेक्टर से शिकायत की गई जिस पर कलेक्टर महोदय के द्वारा उक्त पुजारी एव उसके पार्टनर के द्वारा लगाए गए अतिक्रमण युक्त झूले को कलेक्टर महोदय ने हटाने का प्रयास भी किया था उसके बावजूद भी दिन-प्रतिदिन दोनों व्यक्तियों ने नीलकंठ महादेव मंदिर परिसर का वातावरण भय युक्त बना दिया ऐसे व्यक्तियों की वास्तविक जांच पड़ताल होनी चाहिए भगवे में रहकर पाखंड फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाए।

### नीलकंठ महादेव का पुजारी स्वयं असामाजिक गतिविधियों में लिप्त था : विधायक रावत

रविवार को राज महल होटल में प्रेस वार्ता के दरमियान शंकर सिंह रावत ने नीलकंठ महादेव मंदिर में पिछले दिन हुई घटना का पटाक्षेप करते हुए नीलकंठ महादेव मंदिर के पुजारी को असामाजिक गतिविधियों में लिप्त होना बताया। साथ ही विधायक महोदय का यह भी कहना है कि हालांकि सूरज नाथ पुजारी को पांच गांव के लोगों ने चादर ओढ़ कर उन्हें गद्दी पर बैठाया था लेकिन उक्त भगवा वेशधारी पुजारी अपने कर्तव्य से विमुख होते हुए असामाजिक गतिविधियों में लिप्त होने लगा जिसकी बार-बार ग्रामीणों ने शिकायत की साथ ही उक्त पुजारी ने एक अपने निजी पार्टनर चारण के साथ मिलकर व झूले लगा दिए जिसके कारण भी असामाजिक तत्वों की निरंतर बढ़ोतरी होने लगी शराब पार्टी, नशे में धुत, गांजा, चरस जैसे गोरखधंधे होने लगे इसकी भी शिकायत बार-बार ग्रामीणों के द्वारा दी गई एक तरह से धार्मिक स्थान अय्याशी के अड्डे में परिवर्तन होने लगा बार-बार शिकायत आने पर विधायक महोदय उक्त पुजारी से मिलने पहुंचे और बिना किसी आज्ञा के झूले लगाने की बात कही तो उक्त पुजारी ने साफ शब्दों में कहा कि मुझे पता ही नहीं कि यह झूले किसने लगवाए हैं जबकि खुद पुजारी उक्त झूलों में पार्टनरशिप था जब ग्रामीणों के द्वारा पुजारी की वास्तविक करतूत बताई गई और ग्रामीणों ने पुजारी को अपनी राजगद्दी छोड़ने के लिए कहा गया तो उस वक्त पुजारी ने सह सम्मान राजगद्दी छोड़कर तो चला गया।

## पंचाग

दिनांक 27 मार्च 2023 सोमवार
विक्रम संवत2080चैत्र शुक्ल पक्ष

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | षष्ठी | 17:27:18 |
| पक्ष | शुक्ल | |
| नक्षत्र | रोहिणी | 15:26:09 |
| योग | आयुष्मान | 23:17:39 |
| करण | तैतुल | 17:27:18 |
| करण | गर | 30:10:07 |
| चन्द्र राशि | वृषभ | 28:24:16 |
| चन्द्र राशि | मिथुन | 28:24:16 |
| सूर्य राशि | मीन | |
| दिशा शूल | पूर्व | |
| सूर्योदय(जयपुर) | | 06:24:52 |
| सूर्यास्त | 18:40:03 | |
| चंद्रोदय | 10:04:14 | |
| चंद्रास्त | 24:32:13 | |
| राहू काल | 07:57-09:29 | |
| अभिजित | 12:09-12:58 | |

शुभ चोघडिया

| | | |
|---|---|---|
| अमृत | 06:25-07:57 | शुभ |
| शुभ | 09:29-11:01 | शुभ |
| चर | 14:04-15:36 | शुभ |
| लाभ | 15:36-17:08 | शुभ |
| अमृत | 17:08-18:40 | शुभ |



विशेष जानकारी:-
स्कंद षष्टि:-आज

ज्योतिषाचार्य
**भानुप्रकाश शास्त्री**

## सार्वजनिक जल घर को चालू कराने की मांग को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

### तीन वर्षो से बंद पड़े सार्वजनिक जल घर की हुआ तितर बितर



**लालसोट(संवादाता वरुण कामदार)।** उपखंड मुख्यालय के श्यामपुरा कलां ग्राम पंचायत में सर्व समाज के लोगो एवं दुकानदारों



ने लगातार तीन वर्षो से बंद पड़े हुए ।जल घर को चालू कराने के लिए विरोध प्रदर्शन किया। दुकानदारों एवं स्थानीय निवासीयो का कहना है कि सरपंच को कई बार प्याऊ को चालू करवाने के लिए बोला गया लेकिन कोई आश्वासन नहीं। दिया स्थानीय निवासियों राहगीरों के लिए पेयजल का एकमात्र स्त्रोत है राष्ट्रीय जन समर्थन पार्टी के दौसा जिला अध्यक्ष सुखराम बारवाल व दुकानदारों का कहना कि सार्वजनिक प्याऊ को सात दिन में चालू नहीं करवाया तो सम्पूर्ण बाजार बंद करके विरोध प्रदर्शन किया जाएगा ? इस मौके पर रामराज गुर्जर, पायलेट गोठवाल, पप्पू नकवाल, टिंकू सेन,इमरान खान,मुकेश सैनी, डॉ. प्रीतम सिंह,हेमराज सैनी, भरत लाल मीणा,हरकेश सैनी, अनिल पांचाल, भोरीलाल सैनी,कालूराम सैन, राजू सैनी,शिवराज माली,विनोद सैनी,विष्णु सैनी, गोकुल प्रजापत, बाबू पांचाल , सुखलाल अन्य कई ग्रामीण लोग मौजूद रहे।

## सर्व समाज के सहयोग से बेसहारा विधवा परिवार को जुटाया आर्थिक सहयोग

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के मालाखेड़ा उपखंड क्षेत्र के गांव खेड़ला में बिजेंद्र प्रजपात की सीड़ियों से फिसले के कारण मौत हो गई। ऐसे में आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवार को सर्व समाज के मानवता वादी सहयोग कताओं ने आर्थिक संबल प्रदान किया सर्व समाज हेल्प टीम के सदस्य अनूप खेड़ला ने बताया कि बिजेंद्र प्रजापत बहुत ही गरीब परिवार से था मजदूरी करके बच्चों का पालन पोषण कर रहा था , जिसकी 12 मार्च 2023 को मृत्यु हो गई उनके मरने के बाद विधवा पत्नी जया देवी प्रजापत के ऊपर काफी जिम्मेदारी आ गई। बिजेंद्र प्रजापत गरीब परिवार से होने के कारण बच्चों की पढ़ाई व घर परिवार के पालन-पोषण के लिए लाखों रुपए का कर्जा ले रखा था जो विधवा पत्नी कर्जा चुकाने तो बहुत दूर की बात है व अपने मासूम एक बच्ची का पालन पोषण करने में असमर्थ हो गई है इस खबर को सोशल मीडिया पर सुनकर स्थानीय खेड़ला ग्राम वासियों ने व सर्व समाज हेल्प टीम व सर्व समाज नवयुवक मंडल टीम के सक्रिय साथियों के द्वारा एक्टिव हो कर आर्थिक सहायता के लिए एक मिशन चलाया जिसमें लगभग 550 सहयोग कर्ताओ के सहयोग करने के बाद 1 लाख 45 हजार 500 रुपए की राशि



एकत्रित हुई जिसको 26/03/2023 को सर्व समाज के भामाशाह व स्थानीय ग्रामीणों ने बिजेंद्र प्रजापत को श्रृद्धांजलि अर्पित करके स्थानीय ग्रामीणों की मौजूदगी में पीड़ित परिवार को राशि सौंप दी। जिसमें 1 लाख रुपये का पीडीत्र परिवार ने बच्ची के नाम एफडी कराने का निर्णय लिया व शेष बची राशि 45 हजार 500 रुपए पीड़ित परिवार को घर खर्च के लिए सौंप दी गयी । मिशन में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी सहयोग कताओं को ग्राम वासियो ने बहुत-बहुत धन्यवाद दिया और इस मिशन में सोशल मीडिया पर सक्रिय रहे प्रमोद सैनी सकट , सुनिल भाकरी , शैतान भाकरी, शैलेंद्र बिगोता , रामकेश रतनपुरा , मिठ्ठन खोड़ा, के पी सैनी, सुखदेवा मास्टर, राम सिंह बड़ला, डालचंद, शिंभूदयाल, दीनदयाल, अनूप,मुकेश, रामू,सतीश,रवि, राकेश,दयाचंद, घनश्याम, चिम्मनलाल आदि सदस्यों ने सक्रिय होकर सहयोग किया और सहयोग करवाया । इस मौके पर उपस्थित रहे , प्रमोद सैनी सकट,सुनील भाकरी,रामसिंह बड़ला,सीमा रमेश डाबला, शैतान भाकरी,हरकेश बीरपुर,नेमी नीमला,रवि खेड़ला, दीनदयाल खेड़ला, घनश्याम खेड़ला, मुकेश खेड़ला, सतीश खेड़ला, लोकेश खेड़ला, अनूप खेड़ला, लाल राम शर्मा, रामूलाल खेड़ला,अमर चन्द फोजी,गणधारी डाबला,मिठ्ठन खोड़ा,हरिराम फोजी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मिडिया को यह सारी जानकारी सुनील भाकरी के द्वारा दी गई है।

## भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री रामकेश मीणा ने किया नव नियुक्त भाजपा प्रदेशाध्यक्ष जोशी का किया सम्मान

**बस्सी ( रामफूल मीणा)।** भाजपा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष चित्तौड़गढ़ सांसद सी.पी जोशी का प्रदेश मंत्री भाजपा युवा मोर्चा व जिला परिषद सदस्य रामकेश मीणा ने दिल्ली आवास पर जाकर कार्यकताओं के साथ स्वागत सम्मान किया और प्रदेश अध्यक्ष सी.पी जोशी से मुलाकात कर मीणा ने शुभकामनाएं प्रेषित की और इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष ने सभी को मिठाई खिलाई और प्रदेश अध्यक्ष ने मीणा की पार्टी में सक्रियता की प्रशंसा की और इस दौरान उपस्थित सभी कार्यकताओं को आगामी विधानसभा चुनाव 2023 में राजस्थान में भाजपा की सरकार बनाने के लिए संगठन हित में एकजुट होकर कार्य करने पर जोर दिया इस दौरान सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## भाजपा कार्यकताओं ने सुनी मन की बात



**बस्सी (रामफूल मीणा)।** बस्सी विधानसभा क्षेत्र में रविवार को पश्चिम मंडल के बूथ नंबर 170 हिंगोनिया गांव में भाजपा कार्यकताओं द्वारा प्रधानमंत्री की "मन की बात" कार्यक्रम सभी कार्यकर्ताओ ने सुना जिसमें पूर्व मंत्री कन्हैया लाल मीणा, भाजपा जिला मंत्री एडवोकेट हरिमोहन शर्मा, मंडल महामंत्री मदन बागड़ा, बूथ अध्यक्ष भजनलाल शर्मा, पूर्व आईपीएस अधिकारी के सी मीणा, जगदीश प्रधान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बस्सी प्रवास टोली की बैठक का हुआ आयोजन



**बस्सी (रामफूल मीणा )।** रविवार को गुर्जर समाज धर्मशाला बैनाडा धाम पर लोकसभा प्रवास योजना में विधानसभा बस्सी प्रवास टोली की बैठक का आयोजन हुआ जिसमे मुख्य मार्गदर्शक पुर्व विधायक कन्हैयालाल मीना, कैलाश चंद मीना, विधानसभा विस्तारक सुरेश शर्मा रहे मुख्य मार्गदर्शकों व विधानसभा कार्यक्रम संयोजक अशोक स्वर्णकार ने योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की बैठक में जिला महामंत्री हरिमोहन शर्मा सहित सभी 17 योजनाओं के विधानसभा प्रभारिगण सुधीर मोहन शर्मा,अनिल शर्मा, हेमन्त मीना, कजोड़जी मीना,शंकर जांगिड़,विश्वरतन चौधरी,दुर्गावती शर्मा,संतोष शर्मा,एडवोकेट मनीष शर्मा, बाबूलाल मीना, ओम प्रकाश शर्मा, भौंरीलाल जाट ,पूर्वी मण्डल अध्यक्ष गेंदीलाल मीना, तूंगा मण्डल अध्यक्ष बनवारी लाल शर्मा, पश्चिम मण्डल अध्यक्ष रामफूल शर्मा,बस्सी नगर मण्डल अध्यक्ष नरेंद्र पाटनी सहित अनेक महामंत्रीगण व वरिष्ठ कार्यकर्ता राजाराम गुर्जर, सेधुराम मीना,शिवप्रकाश शर्मा,हीरालाल जाट,रामगोपाल बोट,सीताराम मीना,गंगाराम मीना,सुनील मीना,सूरज शर्मा,नाथूलाल गुर्जर, कैलाश चंद्र शर्मा इत्यादि मौजूद रहे, कार्यक्रम को धरातल पर काम करने हेतु मंडल अध्यक्षों को सभी प्रभारीगणो की सहायता हेतु आग्रह किया गया और इस कार्य को पूर्ण निष्ठा व समर्पण भाव से करने का संकल्प लिया गया और साथ ही 27 मार्च को नव नियुक्त प्रदेशाध्यक्ष के भव्य स्वागत के लिए अधिकाधिक कार्यकताओं को जयपुर लाने के लिए जिम्मेदारियां दी सौपी गई और बैठक की व्यवस्था जगदीश बढ़िया व राजाराम गुर्जर द्वारा की गई और इस दौरान कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## अखाड़ाबाज कलाकारों का हैरत अंगेज प्रदर्शन रहा आकर्षण का केंद्र

### कस्बे में गूंजे श्रीराम के जयकारे, डीजे पर श्रीराम के गानों पर जमकर झूमे भक्त

**रामगढ़ पचवारा (संवादाता नवल कामदार )।** उपखंड मुख्यालय यहां कस्बे में रामनवमी के उपलक्ष में श्री राम सेवा समिति के तत्वाधान में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नले वाले बालाजी मंदिर से गाजे बाजे व श्रीराम के जयकारों के साथ शुरू होकर बस स्टैंड, मुख्य बाजार, कटारा मोहल्ला, खाती मोहल्ला, मां सावित्री बाई फूले सर्किल, होती हुई सीताराम जी मंदिर पहुंची जहां से वापस रवाना होकर नाले वाले बालाजी मंदिर पहुंची। शोभा यात्रा का कस्बे में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।इस दौरान जमकर आतिशबाजी भी की गई और भक्तों ने श्री राम के जयकारे लगाए। जिसमें भक्तों ने हाथ में ध्वज लेकर आसमान की तरफ फहराते हुए चल रहे थे। डीजे पर श्री राम के गानों पर जमकर झूमे श्रद्धालु। अखाड़ाबाज कलाकारों का हैरतअंगेज प्रदर्शन रहा आकर्षण का केंद्र. इस दौरान उपप्रधान सूरज





कटारा ,अजय शर्मा , मुकेश रामगढ़, विनोद, अंकित कटारा, विकास ,हंसराज, गिराज सिंह, विष्णु जांगिड़, बबलू, महेंद्र ,धीरज बढ़ाया, बंटी, पवन त्रिवेदी, सोनू तिवारी, गौरव अग्निहोत्री दीपक बाबा जितेंद्र तिवारी, आशीष निरायणवाल,लालू कटारा, आदित्य सोनी,हिमांशु , नानू गुप्ता, अमन , सहित आदि भक्त मौजूद रहे। इस दौरान थाना अधिकारी अजय सिंह मीणा व तहसीलदार अमितेश मीणा शोभायात्रा के साथ पुलिस जाब्ता मौजूद रहा।

## कला पुरोधा सम्मान प्राप्त पूर्व सरपंच शर्मा का क्षेत्रवासियों ने किया भव्य स्वागत-सत्कार

### सारे गांव मे खुशी का माहौल और डीजे धुन के साथ लगाए लोगो ने ठूमके

### रैणी प्रधान प्रतिनिधी मांगेलाल मीना रिटायर्ड चीफ इंजीनियर भी शामिल हुए स्वागत-सत्कार मे

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी-





उपखंड के ग्राम पंचायत डोरोली के नांगल गंगा गुरु में पुरोधा सम्मान से सम्मानित पूर्व सरपंच 82 वर्षीय हुकुम चंद्र शर्मा भूतपूर्व सरपंच का रविवार को क्षेत्र वासियों ने जोरदार स्वागत सत्कार डीजे की धुन पर नाच गान करते हुए किया। पूर्व सरपंच जोधपुर से राज्य सरकार द्वारा सम्मानित होकर रविवार को अपने निज निवास पर लौटते ही लोगों ने उन्हें फूल माला तथा साफा बांधकर जोरदार स्वागत किया और नगर भ्रमण के पश्चात अपने निवास स्थान पर स्थित मंदिर पर जाकर भगवान के श्री चरणों में नमन कर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर डॉ श्याम सुंदर मीणा व रेनी प्रधान प्रतिनिधि मांगेलाल मीणा रिटायर्ड चीफ इंजीनियर , डॉक्टर के सी मीणा तथा नरेश कुमार शर्मा , योगेश जैमन , देवकीनंदन गर्ग , नरेश कुमार शर्मा , पुरषोत्तम शर्मा , मदन लाल शर्मा तथा केवल शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे। मिडिया को यह सारी जानकारी पुष्पेंद्र कुमार झाकड़ा के द्वारा दी गई है।

## श्री माधव गौ उपचार केन्द्र में श्री बाबा महाकाल भक्त मंडल द्वारा खाखले की व्यवस्था की

**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव।** स्थानीय श्री बाबा महाकाल भक्त मंडल गुलाबपुरा द्वारा 18 फरवरी 2023 को आयोजित महाशिवरात्रि पर्व में से संचित राशि माधव गौ उपचार केंद्र गुलाबपुरा को भेंट की गई थी कि उसकी प्रथम किस्त के रूप में रविवार को गौ माता के लिए खाखले खाने की व्यवस्था की गई ,जो गौशाला को समर्पित किया गया !गौशाला प्रबंध समिति के मुकेश शर्मा, मनोहर गर्ग, सुरेश शर्मा, नितेश मोदी ने बाबा महाकाल भक्त मंडल के पदाधिकारियों रामकुमार चौधरी,एडवोकेट गोपाल लाल वैष्णव, कमल शर्मा, अमित



आत्रेय, हरीश शर्मा , पिंटू वैष्णव, शंकर सेन, भागचंद, प्रेमचंद(गुड्डू भैया), हरीश गनवानी,अविनाश आदि का आभार व्यक्त किया ! इस शुभ अवसर पर श्री राम कुमार जी चौधरी ने अपनी ओर से एक ट्रैक्टर ट्रॉली खाखलें की घोषणा गौशाला को समर्पित करने की इसके लिए बहुत-बहुत साधुवाद बधाई के पात्र । चित्तौड़ प्रांत के गौसेवा सयोजक एवम भीलवाड़ा विभाग के गौसेवा सयोजक का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बाबा महाकाल मंडल के सदस्यो ने भविष्य में भी गौ उपचार केंद्र में सहयोग का विश्वास दिलाया।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

### राजस्थान सरकार के राजस्व मंत्री रामलाल जाट का आसींद रहा दौरा अंतरराष्ट्रीय तीर्थ स्थल सवाई भोज मैं भगवान देवनारायण के किए दर्शन



**आसींद/ भीलवाड़ा।** आसींद मुख्यालय पर स्थित अंतरराष्ट्रीय तीर्थ स्थल सवाई भोज मैं भगवान देवनारायण के दर्शन करने के लिए राजस्थान सरकार के राजस्व मंत्री रामलाल जाट पहुंचे वही महंत श्री श्री 1008 सुरेश दास महाराज ने पैनोरमा की घोषणा होने पर बहुत-बहुत आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया वहीं इस मौके पर पूर्व विधायक हगामी लाल मेवाड़ा पार्टी प्रत्याशी मनीष मेवाड़ा ब्लॉक अध्यक्ष शंभू गुर्जर नगर अध्यक्ष गणेश मेहता रामस्वरूप शर्मा आदि मौजूद रहे वहीं रामलाल जाट ने दर्शन करने के बाद डॉक्टर मांगीलाल शर्मा के पुत्र के निधन पर शोक व्यक्त करने पहुंचे।

### दौलतगढ़ में अंबेडकर युवा मंच द्वारा अंबेडकर जयंती की बैठक आयोजित हुई



गरीबों का सितारा

**आसींद।** दौलतगढ़ में अंबेडकर युवा मंच द्वारा अंबेडकर जयंती की बैठक आयोजित हुई जिसमें आने वाली 14 अप्रैल 2023 को दौलतगढ़ बस स्टैंड पर मूर्ति अनावरण एवं रैली कार्यक्रम पर चर्चा हुई. जिसमें मंच अध्यक्ष गोपाल जी कंडारा, गजेंद्र जी मेघवंशी ,भगवती लाल जी जीनगर, लादू लाल जी खटीक ,रामचंद्र जी नुवाल,चांदमल नुवाल,लादु जी खटीक,गणेश बैरवा,राधेश्याम बैरवा,गोपी जी बलाई, पुरुषोत्तम जी नुवाल, अमर चन्द बेरवा ,सत्यनारायण नुवाल कैलाश जी मेघवंशी,राजेन्द्र बैरवा,हेमन्त जी नुवाल,महेंद्र नुवाल,राकेश कंडारा, मुकेश जी खटीक आदि उपस्थित थे।

### सहाड़ा में संगीतमय श्री राम कथा सुनने उमड़े श्रद्धालु



**गंगापुर/ दिनेश लक्षकार।** सहाड़ा ग्राम में आयोजित 9 दिवसीय संगीतमय श्री रामकथा में पंडित विनोद कुमार शास्त्री द्वारा चौथे दिवस में बताया गया कि भगवान राम ने मानव जीवन में प्रकट होकर सभी लोगो को बताया कि माता-पिता गुरु और प्रभु की सेवा और उनसे मिलने वाले आशीर्वाद से ही मानव का विकास संभव है। लेकिन आज के युग में माता-पिता गुरु प्रभु से व्यक्ति का दूर होना उनके लिए समस्याओं का सबसे बड़ा कारण है । जिसके कारण वह संसार के आनंद खुशियों का उपयोग करने से वंचित रहता हैं। इसलिए आज के युग में रामचरितमानस संस्कार निर्माण में महती भूमिका निभा रही हैं।सभी धर्मावलंबियों को प्रतिदिन रामचरितमानस का पाठ करना चाहिए।संगीतमय श्री रामकथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष वर्ग चामुंडा माता मंदिर आ रहे हैं और कथा श्रवण का आनंद ले रहे हैं।

### मेवाडा कलाल समाज विकास समिति की बैठक छात्रावास में आयोजित



गरीबों का सितारा

**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव।** मेवाड़ा कलाल समाज विकास समिति भीलवाड़ा अजमेर टोंक परिक्षेत्र कार्यकारणी सदस्यों की बैठक प्रधान कार्यालय समाज छात्रावास बडला रोड़ पर आयोजित हुई, जिसमें समाज के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई तथा समाज की आम सभा की तैयारियों तथा व रूप रेखा के लिए विचार विमर्श हुआ । समाज में फैली कुप्रथा व कुरुतियो पर अंकुश लगाने एवं समाज में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए समाज के भीलवाड़ा जिला महिला मोर्चा अध्यक्षा पद पर मैना मेवाड़ा गुलाबपुरा को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया !इस दौरान कलाल समाज विकास समिति भीलवाड़ा अजमेर टोंक परिक्षेत्र के अध्यक्ष राम स्वरूप मेवाड़ा गागेड़ा, संरक्षक बलवीर मेवाड़ा गुलाबपुरा, उपाध्यक्ष जसराज मेवाड़ा भीलवाड़ा, कोषाध्यक्ष रणजीत मेवाड़ा गुलाबपुरा, न्याय समिति सचिव रामराज मेवाड़ा धनोप, परामर्श दाता धीरज मालवीय विजयनगर, युवामोर्चा जिलाध्यक्ष भीलवाड़ा संदीप मेवाड़ा, कोषाध्यक्ष विजय मेवाड़ा, महासचिव पुखराज मेवाड़ा, हुरडा तहसील अध्यक्ष जयप्रकाश मेवाड़ा, मीडिया प्रभारी महेंद्र मेवाड़ा, कुलदीप मेवाड़ा, युवा मोर्चा अजमेर जिलाध्यक्ष रितेश मेवाड़ा, सचिव सुनील मेवाड़ा, विजयनगर परिक्षेत्र युवा मोर्चा अध्यक्ष योगेश मेवाड़ा, महिला मोर्चा मीडिया प्रभारी हेमलता मेवाड़ा, रेखा मेवाड़ा, सजना मेवाड़ा, व कार्यकारणी सदस्य बाबूलाल मेवाड़ा, ओमप्रकाश मेवाड़ा, महावीर मेवाड़ा, चंद्रशेखर मेवाड़ा, मोहन लाल मेवाड़ा, पुखराज मेवाड़ा, कैलाश जी मेवाड़ा, भंवर लाल जी मेवाड़ा कालू मेवाड़ा, समाज के राव जी कन्हैया लाल जी राजू जी, आदि मौजूद रहे।

केन्द्र की मोदी सरकार के अहंकार का जवाब देगी जनता-जितेन्द्र सिंह

# देश के मुखिया भारतीय जनता पार्टी के एजेंट का कार्य कर रहे : मंत्री टीकाराम जूली

गरीबों का सितारा







**युवराज शर्मा अलवर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के खिलाफ केन्द्र की मोदी सरकार की सोची-समझी रणनीति के तहत किए गए हमले के विरोध में पूरे देश में धरना प्रदर्शन किए जा रहे है। अलवर में नगर परिषद् के बाहर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने पूर्व केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली के नेतृत्व में मोदी सरकार के खिलाफ काला कपडा व मुंह पर ताला लगाकर धरना प्रदर्शन किया गया।पूर्व केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने कहा कि देश के लोकतंत्र के लिए यह काला दिन साबित होगा।उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष स्वच्छ राजनीति का गला घोंटकर तुच्छ राजनीति कर रहे हैं। विपक्ष की आवाज को दबाया जा रहा है।यदि कोई सत्ता पक्ष के काले कारनामों को जनता के सामने लाने का प्रयास करता है तो उसे सरकारी एजेंसियों का दुरूपयोग कर डराया धमकाया जा रहा है।उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बाद एक निश्चित प्लान के तहत उन्हें राजनैतिक रूप से कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस केस में बुलेट ट्रेन से भी तेज केवल डेढ माह में न्यायालय ने फैसला दिया और उससे भी अधिक तेज मात्र 24 घंटे में सांसद की सदस्यता खत्म करना लोकतंत्र की हत्या है। उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति अहंकार में यदि कुचलने का प्रयास करेगा तो हम उसका मुंहतोड जवाब देंगे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि देश के मुखिया भारतीय जनता पार्टी के एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं। भारत जोड़ो यात्रा के बाद एनडीए सरकार की सांसे फूल गई है। अब आनन-फानन में राहुल गांधी को बेवजह परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश के राजनैतिक इतिहास में ऐसा पहली बार हो रहा है जब भाजपा के नुमाइंदे ओछी राजनीति कर राहुल गांधी के व्यक्तित्व से परेशान होकर एकजुटता के साथ उन्हें टारगेट कर रहे है। उन्होंने कहा कि करीब तीन साल पहले कर्नाटक में राहुल गांधी द्वारा बात कही गई उसकी फाईल करीब 1167 किमी दूर गुजरात में तथा फैसला लगभग 926 किमी दूर सूरत में हुआ। किसी भी मामले में इस तरह की कार्यवाही निश्चित तोर पर संकीर्ण मानसिकता को दशार्ती है। सत्ता पक्ष का यह कृत्य अधिकारिक रूप से भारतीय लोकतंत्र की हत्या करने जैसा है। उन्होंने कहा कि यह एक साजिश है जिसका हम मुंहतोड जवाब देगें। धरना प्रदर्शन का समापन राष्ट्रगान एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष कमलेश सैनी, उप जिला प्रमुख ललिता मीणा, विधायक दीपचंद खैरिया, साफिया जुबेर खान, जोहरीलाल मीना, पूर्व विधायक राजेन्द्र गण्डूरा, मालाखेडा प्रधान वीरवती, उमरैण प्रधान दौलतराम जाटव, ब्लॉक अध्यक्ष जफरू खान, नरेन्द्र सावित्री मीना,शादी खान, हरिशंकर रावत, हाजी आस मोहम्मद, लालाराम सैनी, डीसी मीना, असरू खान, पूरण सिरमोलिया, समीर, गोपेश शर्मा, सुभाष बसवाल, दिनेश छाजूरामपुरा, वकील खान, नितिन धाकड, साजिद खान, सुनील पाटोदिया सहित बडी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विद्युत साथी फाउंडेशन ने 11000 की आर्थिक सहायता राशि का सौंपा चेक

**दिवंगत स्व. श्री सुरेश कुमार सैनी के परिवार का किया आर्थिक सहयोग**

### मानव पुनीत कार्यों के लिए फाउंडेशन का जल्द किया जाएगा विस्तार : पुष्पेंद्र चौधरी

गरीबों का सितारा



**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर )।** विद्युत साथी फाउंडेशन की टीम ने रविवार को साथी कर्मचारी स्व. सुरेश कुमार सैनी के पैतृक गांव गुहाला ( नीमकाथाना ) पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को ढाँढस बंधाते हुए सांत्वना प्रदान की एवं टीम साथी स्व.सैनी के बुजुर्ग पिता व विकलांग भाई को 11000 रुपए के आर्थिक सहयोग राशि का चेक सौंपा ' विद्युत साथी फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री पुष्पेंद्र चौधरी ( सहायक अभियंता अ-2 ) ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्युत विभाग सांभर में कार्यरत टीम साथी स्व. श्री सुरेश कुमार सैनी की विगत 19 मार्च 2023 को करंट लगने से ( विद्युत दुर्घटना होने से ) निधन हो गया था ' जिसके चलते फाउंडेशन की टीम ने आज रविवार को दिवंगत स्व. श्री सुरेश कुमार सैनी के पैतृक गांव पहुंचकर उनके परिवार को ढाढस बंधाते हुए सांत्वना प्रदान की एवं बुजुर्ग पिता व विकलांग भाई को 11000 रुपए की आर्थिक सहयोग राशि का चेक सौंपा है ' उन्होंने आगे बताया की फाउंडेशन परिवार हर विकट परिस्थिति में हर कर्मचारी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है ' साथ ही उन्होंने बताया कि पिछले 2 साल में फाउंडेशन द्वारा करीबन 6 लाख रूपए से अधिक की आर्थिक मदद साथी कर्मचारियों के परिवार को दी जा चुकी है,जल्दी ही फाउंडेशन के कार्यक्षेत्र का ओर विस्तार किया जाएगा जिससे कि कर्मचारियों के साथ साथ उपभोक्ताओं के लिए भी मानव सेवा के इस पुनीत कार्य मे सभी अपना सहयोग कर सके ' साथ ही विद्युत साथी फाउंडेशन अपने स्तर पर आवश्यक विद्युत सुरक्षा उपकरणों की खरीद कर तकनीकी कर्मचारियों में वितरित करने और सुरक्षा संबंधी केम्पों का आयोजन करने पर विचार कर रहा है ताकि दुर्घटनाओं को काफी हद तक कम किया जा सके। साथ ही आर्थिक कमजोर वर्ग के कर्मचारियों की परिवार की हर सम्भव सहायता पढ़ाई, शादी ,जरूरतमंद सामान दिलवाने की मुहिम पर भी काम कर रहा है ल साथ ही उन्होंने बताया कि विद्युत साथी टीम सांभर द्वारा भी स्व. श्री सुरेश कुमार सैनी के परिवार को 127901 रुपये का सहायता राशि का चेक सौंपा जा चुका है' इस मौके पर श्री पुष्पेंद्र चौधरी ( सहायक अभियंता अ2 चौमूं ) , श्री लाल चंद जांगिड़ (एआरओ अ-2 चौमूं ) , रवि बुटोलिया, पवन बागड़ी , सुरेश गढ़वाल,रामदेव सैनी, रोहिताश सैनी सहित अन्य विद्युत साथी उपस्थित रहे।

## रैणी के पाटन पंचायत के मानपुरा गांव मे पेयजल की विकट समस्या


**पूर्व मण्डल सदस्य रामस्वरूप मीना ने स्थानीय विधायक जौहरीलाल मीना को भी इसके लिए कराया अवगत लेकिन नही दिया विधायक ने आश्वासन: पूर्व मण्डल सदस्य रामस्वरूप**



गरीबों का सितारा

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी उपखण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत-पाटन के मानपुरा गांव मे पेयजल की अति विकट समस्या बनी हुई है। इस सम्बन्ध मे मिडिया को पूर्व पंचायत समिति सदस्य रामस्वरूप मीना ने बताया कि हमारे गांव मानपुरा मे पेयजल की अति विकट समस्या बनी हुई है और इस सम्बन्ध मे हमारे द्वारा अनेक बार स्थानीय विधायक जौहरीलाल मीना को भी अवगत करा दिया है लेकिन उन्होने भी इस बारे मे हमे कुछ भी आश्वासन नही दिया है तथा किसी भी स्तर से आज तक भी मानपुरा गांव के लिए पेयजल संकट का निवारण नही किया गया है।स्थानीय ग्रामीणो ने सरपंच की उपस्थिति मे मिडिया को बताया कि सरपंच ने तो जल जीवन मिशन योजना मे जोड़ने का प्रस्ताव तो भेज दिया है लेकिन यह पीएचईडी मे प्रक्रियाधीन है पंचायत स्तर से तो जेजेएम मे जोडने का प्रस्ताव बहुत समय पहले ही भेज दिया है। यदि जेजेएम मे मानपुरा गांव को जोड दिया जायेगा तो पेयजल संकट का निवारण भी हो सकता है लेकिन यह मामला पंचायत स्तर पर हल होना सम्भव नही है क्योकि मानपुरा गांव के अन्दर पानी होने की सम्भावना बहुत ही कम है इसलिए बोरिंग कराते है तो वह बोरिंग सूखा चला जाता है ।आमजन की तरफ से मिडिया के माध्यम से स्थानीय विधायक जोहरीलाल मीना से तथा सरकार से अपील है कि पाटन पंचायत के मानपुरा गांव मे पेयजल व्यवस्था कराने का श्रम करे।मिडिया को यह सारी जानकारी मानपुरा गांव के लिए पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पूर्व मंडल सदस्य रामस्वरूप मीना के द्वारा दी गई है।

## गंगापुर के खाखला गांव में मारुति वैन लगी भीषण आग



गरीबों का सितारा

**गंगापुर/ दिनेश लक्षकार।** खांखला गांव में रविवार सुबह एक वेन में आग लगने से वहां अफरातफरी मच गई। जानकारी के अनुसार खांखला गांव में रविवार सुबह करीब 10 बजे बंशीलाल पुत्र रतनलाल वसीटा की वेन में सर्विस के दौरान आग लग गई, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई वेन में आग देख लोगों ने मौके पर आग बुझाने की कोशिश की,किंतु आग ने विकराल रूप ले लिया। वेन में आग की सूचना पर नगर पालिका गंगापुर के दमकल कर्मी शंकर लाल माली सहित अन्य ने मौके पर पहुंच एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, किंतु जब तक वेन पूरी तरह जल गई।

## रविवार 26 मार्च 2023 को कप्तान छुट्टनलाल मीना छात्रावास अलवर में मीटिंग सम्पन्न हुई

**आदिवासी मीना बालिका होस्टल के लिए 2003 से अभी तक भी नही की जमीन अलॉटमेंट यूआईटी अलवर द्वारा जबकि सभी अन्य सभी समाजो के लिए कर दी गई है जमीन अलॉटमेंट**

गरीबों का सितारा



**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर जिला मुख्यालय पर स्थित कप्तान छुट्टन लाल मीना छात्रावास मे रविवार को एक मिटिंग बुलाई गई जिसमे आदिवासी मीना समाज की बालिकाओ के होस्टल के लिए यूआईटी अलवर द्वारा 2003 से अब तक भी जमीन आवंटन नही की गई है जबकि अन्य दूसरे सभी समाज के लिए यूआईटी अलवर द्वारा जमीन आवंटन कर दी गई है जबकि 2003 से ही इसके लिए प्रयासरत है लेकिन फिर भी आदिवासी मीना समाज की लडकियो को शिक्षा के होस्टल सुविधा के लिए जमीन आवंटित नही की गई है। इस दौरान प्रधानमंत्री अवार्ड से सम्मानित बोदनलाल मीना की अध्यक्षता में मीना समाज में व्याप्त कुरीतियां जैसे दहेजप्रथा एवम उनसे बालिकाओं के जीवन पर पड़ने वाले कुप्रभावों पर चर्चा की गई।बालिका की उचित शिक्षा से ही इस कलंक से मुक्ति मिल सकती है। इस हेतु अलवर में आदिवासी बालिका छात्रावास बने और उसके लिए अब तक किये गए प्रयासों पर चर्चा की गई। यूआईटी अलवर द्वारा सभी समाजो को होस्टल हेतु जमीन आवंटित कर दी गई है लेकिन सिर्फ और सिर्फ मीना समाज बालिकाओं के लिए 2003 से सतत प्रयत्नशील होते हुए भी अब तक भूमि का आवंटन नही करवा सका। आज भी आदिवासी सेवा संस्थान द्वारा वक्फ़ में प्रार्थना पत्र स्वीकृति के इंतजार में लंबित है। बैठक मे संयोजक प्रोफेसर हरिसिंह मीना ने बालिका हॉस्टल की मांग का पुरजोर समर्थन करते हुए समाज से समर्थन की अपील की तथा राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय अलवर के प्रोफेसर भागीरथ मीना ने बताया कि किसी भी समाज की उन्नति समाज की महिलाओं के शिक्षा पर निर्भर करती है उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों के उन्मूलन के लिए शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। अम्बेडकर नगर सोसाइटी के सचिव विक्रम मीना,आदिवासी सेवा संस्थान के पूर्व कोषाध्यक्ष कंवर पाल जी, व्याख्याता पूरन मीना आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## बचपन में ही 4 बालिकाओं के सिर से उठा माता-पिता का साया मुख्यमंत्री से की आर्थिक सहायता की गुहार

गरीबों का सितारा



**आसींद।** आसींद विधानसभा क्षेत्र के पाटन गांव के निवासी चांदमल गुर्जर पिछले सात-आठ वर्षों से सूरत जिले के सिमाड़ा गांव में व्यवसाय व मजदूरी कर अपना जीवन यापन गुजर बसर कर रहे थे की पिछले माह है 1 फरवरी 2023 प्रातः अपने घर पर खाना बनाते वक्त अपने घर पर खाना बनाते वक्त अचानक गैस सिलेंडर के फट जाने से चांदमल गुर्जर 28 वर्षीय पत्नी शीला देवी गुर्जर 26 वर्षीय एवं बालिका कृष्णा 5 वर्षीय गंभीर झुलस गए जिन्हें सूरत के अस्पताल किरण हॉस्पिटल में ले जाया गया जहां 10-15 दिन उपचार चला हालत में कोई सुधार न होने के कारण पति और पत्नी को महाराणा भूपाल राजकीय चिकित्सालय उदयपुर में भर्ती कराया गया परिजनों द्वारा जहां 15 फरवरी को शीला गुर्जर ने दम तोड़ दिया तो 22 फरवरी को चांदमल गुर्जर के प्राण पखेरू भी उड़ गए जिससे चारों बालिकाओं का साया बचपन में ही माता-पिता से उठ गया बालिकाएं अपने ननिहाल माताजी का खेड़ा अपने नाना कानाराम गुर्जर के यहां गुजर-बसर कर कर रही है वहीं कानाराम गुर्जर ने जानकारी देते हुए बताया कि मैं भी गरीब काश्तकार हूं मैं भी खेती-बाड़ी करके अपने परिवार का गुजर-बसर कर रहा हूं वहीं मुख्यमंत्री से गुहार करता हूं कि इन चारों बालिकाओं के पालन पोषण पढ़ाई लिखाई स्वास्थ्य के बारे में राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मिले वहीं बंक्यारानी मातेश्वरी टस्ट के देवीलाल गुर्जर ने जानकारी देते हुए बताया कि कानाराम गुर्जर भी गरीब परिवार से है जो इन चारों बालिकाओं के लालन पोषण करने में असमर्थ है मुख्यमंत्री से समाज के नाते मैं मांग करता हूं कि बालिका निरमा 7 वर्षीय, कृष्णा 5 वर्षीय, खुशी 3 वर्षीय, पायल डेढ़ वर्षीय चारों बालिकाओं को सरकार की जो भी योजनाओं का उनका लाभ मिले तो इन बालिकाओं का भविष्य सुधर जाएगा वहीं सरकार की कोई भी योजना व सहायता अब तक इस परिवार को नहीं मिली हैं।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

चिंतन

# रक्तदान और अंगदान राष्ट्रीय अभियान बनें

अंगदान व रक्तदान को सबसे बड़ा दान माना गया है, लेकिन जागरूकता के अभाव में और सामाजिक-धार्मिक मान्यताओं में गलत मिथ के चलते लोग अंगदान व रक्तदान से कतराते हैं, जबकि भारत महिर्षि दधीचि जैसे दानी ऋषियों का देश है, जिन्होंने एक कबूतर के प्राणों की रक्षा के लिये अपना देहदान कर दिया था। इसका मतलब है कि प्राचीन काल में जब प्रत्यारोपण की तकनीक नहीं थी, उस वक्त भी अंगदान के प्रति जागरूकता थी, और आज आधुनिक युग होने के बावजूद अंगदान के प्रति व्यापक जागरूकता नहीं है। भारत में 'ब्रेन डेड' या 'मानसिक मृत' हो चुके लोगों के परिवार जन भी अंगदान करने से बचते हैं, जबकि यह निश्चित हो जाता है कि ऐसे लोगों का जीवनकाल बढ़ाना अब संभव नहीं है। सरकार भी इस तथ्य से भलीभांति अवगत है, इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' की 99वीं कड़ी में अंगदान को ईश्वर का स्वरूप करार देते हुए अधिक से अधिक लोगों को अंगदान के लिए आगे आने की अपील की है। सरकार का दावा है कि पिछले 10 सालों में अंगदान करने वालों की संख्या में तीन गुनी वृद्धि हुई है। हालांकि, भारत में ही प्रतिवर्ष लगभग 5 लाख से अधिक लोग अंग प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा कर रहे हैं। प्रत्यारोपण की संख्या और अंग उपलब्ध होने की संख्या के बीच एक बड़ा अंतराल है। अंगदान करके किसी अन्य व्यक्ति की जिंदगी में नई उम्मीदों का सवेरा लाया जा सकता है। दान किये जा सकने वाले अंग गुर्दे, फेफड़े, आंख, यकृत, कॉर्निया, छोटी आंत, त्वचा के ऊतक, हड्डी के ऊतक, ह्रदय वाल्व और शिराएं हैं। रक्तदान और अंगदान के प्रति समाज में जागरूकता अभियान सतत चलते रहना चाहिए, इसके साथ ही धार्मिक आस्था के केंद्रों को भी लोगों को रक्तदान-अंगदान के लिए प्रेरित करना चाहिए। भारत में अंगदान की राह में अनेक चुनौतियां हैं। एक तो अंगदान करने वाले बहुत कम हैं, प्रतीक्षा की सूची लंबी है। दूसरी, अस्पताल इन्फ्रास्ट्रक्चर की भी कमी है। विश्व संदर्भ में देखें तो अंगदान करने के मामले में भारत दुनिया में बेहद पिछड़ा हुआ देश है। यहां प्रति दस लाख की आबादी पर केवल 0.16 लोग अंगदान करते हैं, जबकि प्रति दस लाख की आबादी पर स्पेन में 36 लोग, क्रोएशिया में 35 और अमेरिका में 27 लोग अंगदान करते हैं। प्रत्येक वर्ष भारत में लगभग 2 लाख गुर्दे, 30 हजार ह्रदय और 10 लाख नेत्र की ज़रूरत है, जबकि केवल ह्रदय 340 और 1 लाख नेत्र यानी कॅर्निया ही प्रतिवर्ष मिल रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, यदि भारत में सड़क दुर्घटनाओं के कारण मरने वालों में से 5 प्रतिशत व्यक्ति भी अंग दान करें तो जीवित व्यक्तियों को अंग दान करने की कोई आवश्यकता नहीं होगी। भारत के सभी अस्पतालों में अंग प्रत्यारोपण संबंधी उपकरणों की व्यवस्था नहीं है। देश में लगभग 301 अस्पताल ऐसे हैं जहाँ अंग प्रत्यारोपण संबंधी उपकरण मौजूद हैं और इनमें से केवल 250 अस्पताल ही राष्ट्रीय अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (एनओटीटीओ) के साथ पंजीकृत हैं। ये आँकड़े दर्शाते है कि देश में अंग प्रत्यारोपण हेतु लगभग 43 लाख लोगों के लिये ऐसा मात्र 1 ही अस्पताल मौजूद है, जहां अंग प्रत्यारोपण संबंधी सभी आवश्यक उपकरण मौजूद हैं। सरकार को अस्पताल इन्फ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने व अंग प्रत्यारोपण की लागत कम करने पर ध्यान देना चाहिए। बेशक मोदी सरकार ने अंगदान संबंधी कायदे-कानून को आसान बनाया है, इसके बावजूद इस दिशा में राष्ट्रीय जागरूकता अभियान चलाने समेत अभी बहुत कुछ और किए जाने की जरूरत है। राष्ट्रीय अंग व ऊतक प्रत्यारोपण संगठन को अधिक सक्रिय होना चाहिए। सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिये कि अंग प्रत्यारोपण की सुविधाएं कमज़ोर वर्ग तक भी पहुंच सकें। इसके लिये सरकारी अस्पतालों की अंग प्रत्यारोपण क्षमता में वृद्धि की जा सकती है व अंगदान नेटवर्क को मजबूत किया जा सकता है।

विश्लेषण

प्रो. नीलम महाजन सिंह



# गलतबयानी से बचें राजनेता संयम से पेश करें नजीर

न्यायाधीश हदीराश वर्मा, सूरत डिस्ट्रिक्ट कोर्ट मैजिस्ट्रेट द्वारा राहुल गांधी को मानहानि के मामले में उन्हें दोषी ठहराए जाने के बाद उन्हें लोकसभा के सांसद के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया है। विपक्षी नेता इस कदम के खिलाफ हैं। राहुल गांधी को अयोग्य क्यों ठहराया गया? सजायाफ्ता प्रतिनिधियों की अयोग्यता पर कानून क्या कहता है और अब क्या होगा? यह मामला गांधी के 2019 के राजनीतिक अभियान के दौरान, कोलार, गुजरात में दिए गए 'विवादास्पद' भाषण से संबंधित है, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को, नीरव मोदी और ललित मोदी जैसे भगोड़ों के साथ तुलना की थी। उन्होंने कहा था, 'नीरव मोदी, ललित मोदी, नरेंद्र मोदी; सभी चोरों का उपनाम 'मोदी' ही होता है।' पूर्णेश मोदी, पूर्व भाजपा विधायक ने उक्त भाषण पर आपत्ति जताते हुए दावा किया कि राहुल गांधी ने 'मोदी उपनाम वाले पिछड़े समाज के व्यक्तियों को अपमानित व बदनाम किया है।' अदालत ने इससे सहमति जताई और माना कि राहुल गांधी ने 'मोदी' उपनाम वाले सभी लोगों का अपमान किया है। न्यायाधीश हदीराश वर्मा ने कहा, 'चूंकि राहुल गांधी सांसद हैं, इसलिए वे जो भी कहते हैं, उसका अधिक प्रभाव पड़ता है। ऐसे में उन्हें संयम बरतना चाहिए था।' सूरत अदालत के फैसले के 24 घंटे से भी कम समय के बाद लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि राहुल गांधी संविधान के अनुच्छेद 102 (1) (ई) के प्रावधानों के संदर्भ में अपनी सजा की तारीख से एक सांसद के रूप में अयोग्य हैं। भारत जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8 के साथ पढ़ा जाता है। यदि वे संसद द्वारा बनाए गए किसी भी कानून के तहत या उसके द्वारा अयोग्य घोषित किये जाते हैं, जो दोष सिद्ध होने पर प्रतिनिधियों को अयोग्य घोषित करता है। यह कहना उचित होगा कि वास्तव में, राहुल गांधी को सांसद के रूप में उनकी अयोग्यता प्रभावी होने से पहले, दोषसिद्धि की तारीख से तीन महीने का समय दिया जाना चाहिए था। हालांकि, यह प्रावधान 2013 के सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले में आलोकित है। रेफरेंसः 'लिली थॉमस बनाम भारत संघ' (2013) में, सर्वोच्च न्यायालय ने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8 (4) को संविधान के अधिकारातीत घोषित करके योग्यता के मापदंडों को मज़बूत किया। लोकसभा से राहुल गांधी की अयोग्यता को केवल तभी बदला जा सकता है जब सूरत नगर न्यायालय से उच्च न्यायालय की अदालत द्वारा दोषसिद्धि पर रोक लगती है। हालांकि, अपील को राहुल गांधी के पक्ष में तय होने की पूर्ण संभावना है और उच्च न्यायालय का फैसला अहम होगा। 'लोक प्रहरी बनाम भारत संघ' में अपने 2018 के फैसले में, अदालत ने माना था कि दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 389 के तहत सज़ा पर रोक लगाने पर, धारा 8 के तहत अयोग्यता लागू नहीं होगी। तत्कालीन सीजेआई जस्टिस दीपक मिश्रा, जस्टिस एएम खानविलकर और जस्टिस डीवाई चंद्रचूड की तीन जजों की बेंच ने यह फैसला सुनाया था। वैसे तो वरिष्ठ अधिवक्ताओं, कपिल सिब्बल, सलमान खुर्शीद का यह मानना है कि न्यायाधीश को कम से कम सजा देनी चाहिए थी, दो महीने की। भाजपा प्रवक्ताओं, धर्मेन्द्र प्रधान व अनुराग ठाकुर का कहना है कि राहुल गांधी बहुत अनाप-शनाप बोलकर प्रधानमंत्री के पद की गरिमा को तो ठेस पहुंचाते ही हैं परंतु अपने शब्दों का भद्दा चयन भी करते हैं। विपक्षी दलों के नेताओं, ममता बनर्जी, अरविंद केजरीवाल, मल्लिकार्जुन खड़गे, एम.के. स्टालिन ने राहुल गांधी के निष्कासन को प्रजातांत्रिक पद्धतियों पर प्रहार माना है। हालांकि राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के लिए अपशब्दों की शुमार लगी रहती है, उदाहरणार्थ, 'मौत का सौदागर', 'इटली की डांस-बार सफाईकर्मी', '50 करोड़ की गर्लफ्रेंड', 'पास्ता गांधी', 'पप्पू' आदि। राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाने वाले लोगों को शब्दों के चयन में स्वयं पर संयम रखना चाहिए। राहुल गांधी को उच्च न्यायालयों का सहारा लेना चाहिए। राजनेताओं को युवा पीढ़ी के लिए उदाहरण बनने का प्रयास करना चाहिए।

(लेखिका विधि विशेषज्ञ व राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



करवट

कुमार प्रशांत

# 1930 और 2023

ऐसा एक बार नहीं, कई बार हुआ कि गांधी ने भारत की आजाद की लड़ाई में दुनिया ने विभिन्न नागरिकों को उनकी भूमिका निभाने का आमंत्रण दिया। उन्होंने सारे ब्रितानी नागरिकों को, सारे अमरीकियों को खुला पत्र लिखा कि वे भारत की स्वतंत्रता के संघर्ष को ठीक से समझें तथा अपनी सरकारों पर दवाब डालें कि वह इस लड़ाई में हमारा समर्थन करे, क्योंकि सत्य व अहिंसा के रास्ते लड़ी जा रही इस लड़ाई से विश्व का व्यापक हित जुड़ा है। कभी कहीं से ऐसी चूं भी नहीं उठी कि गांधी को माफी मांगनी चाहिए कि उन्होंने विदेशी ताकतों को हमारे आंतरिक मामले में हस्तक्षेप के लिए आमंत्रित किया।

लड़ाई मैदान में थी- एकदम आमने-सामने की ! युद्ध के इस मैदान से महात्मा गांधी ने देश से और वाइसराय से दो अलग-अलग बातें कहीं थीः देश से कहा कि अब साबरमती आश्रम लौटूंगा तभी जब आजादी मेरे हाथ में होगी- कुत्ते की मौत भले मरूं लेकिन आजादी बिना आश्रम नहीं आऊंगा; दूसरी तरफ वाइसराय को खुली चुनौती दी कि आपको अपना नमक कानून रद्द करना ही पड़ेगा! आग दोनों तरफ लगी थी, और ऐसे में किसी अमरीकी अखबार वाले ने ( आज के 'मीडिया वाले' जरा ध्यान दें !) ने पूछा, 'इस लड़ाई में आप दुनिया से क्या कहना चाहते हैं ?' तुरंत कागज एक की पर्ची पर गांधी ने लिखा : 'आई वांट वर्ल्ड सिंपैथी इन दिस बैटल ऑफ राइट एगेंस्ट माइट : मैं सत्ता की अंधाधुंधी बनाम जनता के अधिकार की इस लड़ाई में विश्व की सहानुभूति चाहता हूं !'

पत्रकार भारत का कोई 'राहुल गांधी' नहीं था, सीधा अमरीका का था; लड़ाई चुनावी नहीं थी, साम्राज्यवाद के अस्तित्व की थी; लेकिन दिल्ली में बैठे वाइसराय ने या लंदन में बैठे उनके किसी आका ने नहीं कहा कि गांधी भारत के आंतरिक मामले में विदेशी हस्तक्षेप को बुलावा दे रहे हैं।

ऐसा एक बार नहीं, कई बार हुआ कि गांधी ने भारत की आजाद की लड़ाई में दुनिया ने विभिन्न नागरिकों को उनकी भूमिका निभाने का आमंत्रण दिया। उन्होंने सारे ब्रितानी नागरिकों को, सारे अमरीकियों को खुला पत्र लिखा कि वे भारत की स्वतंत्रता के संघर्ष को ठीक से समझें तथा अपनी सरकारों पर दवाब डालें कि वह इस लड़ाई में हमारा समर्थन करे, क्योंकि सत्य व अहिंसा के रास्ते लड़ी जा रही इस लड़ाई से विश्व का व्यापक हित जुड़ा है। कभी कहीं से ऐसी चूं भी नहीं उठी कि गांधी को माफी मांगनी चाहिए कि उन्होंने विदेशी ताकतों को हमारे आंतरिक मामले में हस्तक्षेप के लिए आमंत्रित किया।

ऐसा नहीं है कि भारतीय जनता पार्टी व उसकी सरकार को यह इतिहास मालूम नहीं है लेकिन उसे यह भी तो मालूम है कि इस इतिहास को बनाने में उसका कोई हाथ नहीं है। इसलिए प्रधानमंत्री से नीचे तक का कोई भी इस इतिहास का जिक्र नहीं करता है। वे लगातार वही राग अलापते हैं जो बार-बार हमें बताता है कि जिन्हें वह राग ही नहीं मालूम है, उन्हें गान कैसे समझ में आएगा !

राहुल गांधी ने लंदन में जो कुछ कहा, उसमें उनके माफी मांगने जैसा कुछ है ही नहीं; बल्कि वे माफी मांगेंगे तो बड़े कमजोर व खोखले राजनेता साबित होंगे; क्योंकि भारत के लोकतंत्र के जिस वैश्विक आयाम की बात उन्होंने वहां उठाई, उसने मेरे जैसे लोकतंत्र के सिपाहियों को मुदित किया कि राहुल हमारे लोकतंत्र के इस आयाम को समझते भी हैं, तथा उसे इस तरह अभिव्यक्त भी कर सकते हैं। यह छुद्र दलीय राजनीति का मामला नहीं है इसलिए पार्टीबाज इसे न समझेंगे, न समझना चाहेंगे। यह मामला सीधा लोकतंत्र की अस्मिता का है। भारतीय लोकतंत्र का यही वह आयाम है जिसे बांग्लादेश संघर्ष के वक्त जयप्रकाश नारायण ने सारी दुनिया से कहा था : लोकतंत्र किसी देश का आंतरिक मामला नहीं हो सकता है। उसका दमन सारे संसार की चिंता का विषय



होना चाहिए। 1975 में, चंडीगढ़ की अपनी राजनीतिक नजरबंदी के दौरान जयप्रकाश ने इंदिरा गांधी को पत्र लिख कर यही समझाना चाहा था। इंदिराजी ने उसे तब नहीं समझा था, राहुल गांधी को जरूरत लगती है कि लोकतंत्र का दम भरने वाले दुनिया के देश उसे अब समझें। लंदन में उनकी बात का यही संदेश था।

भारत ने जब से संसदीय लोकतंत्र अपनाया है, उसके बाद से कोई 75 साल बीत रहे हैं कि वह इस रास्ते से विचलित नहीं हुआ है। उसके साथ या उससे आगे-पीछे स्वतंत्र हुए अधिकांश देशों ने लोकतंत्र का रास्ता छोड़ कर कोई दूसरा रास्ता पकड़ लिया है। विचलन हमारे यहां भी हुआ है, लेकिन गाड़ी लौट कर पटरी पर आती रही है। आज हमारे लोकतंत्र का अंतरराष्ट्रीय आयाम यह है कि यहां यदि यह कमजोर पड़ता है या इसका संसदीय स्वरूप बदल कर कुछ दूसरा रूप लेता है तो संसार भर में लोकतंत्र की दिशा में हो रही यात्रा ठिठक जाएगी या दूसरी पटरी पर चली जाएगी। संसदीय लोकतंत्र के हमारे प्रयोग के अब अंतरराष्ट्रीय आयाम उभरने लगे हैं। हमारा यह प्रयोग लोकतंत्र की तरफ नये देशों को खींचने का कारण बन रहा है। सत्ता के अतिरेक व सत्ताधीशों की सत्तालोलुपता के खिलाफ सभी तरह के जनांदोलनों के प्रतीक गांधी बन जाते हैं, यह अकारण नहीं है। हमने अपने लोकतंत्र की स्थापना व उसके संचालन में जहां गांधी की बेहद उपेक्षा की है वहीं हम भी व दुनिया भी यह समझ पा रही है कि गांधी लोकतंत्र की पहचान हैं।

हम देख रहे हैं कि दुनिया भर में दक्षिणपंथ की लहर-सी उठी हुई है। वामपंथ या उस जैसा तेवर रखने वाली सत्ताएं, संसदीय लोकतंत्र को तोड़-मरोड़ कर सत्ता पर अपनी मजबूत पकड़ बनाने में लगी सरकारें बिखर जा रही हैं और सत्ता पर सांप्रदायिक, धुर जाहिल-पुराणपंथी तत्व काबिज हो रहे हैं। ऐसे में हमारा संसदीय लोकतंत्र किसी प्रकाश-स्तंभ की तरह है। वही आशा है कि यह लहर लौटेगी तो संसदीय लोकतंत्र के किनारों पर ठौर पाएगी।

लंदन में राहुल ने इसे हमारे लोकतंत्र का अंतरराष्ट्रीय संदर्भ बताते हुए पश्चिमी लोकतांत्रिक शक्तियों को आगाह किया कि अपना संसदीय लोकतंत्र बचने का हम जो प्रयास कर रहे हैं, उसे आप सही संदर्भ में समझें और उसके हित में खड़े हों। आज सब बाजार के आगे सर कटा-झुका रहे हैं। सबसे तेज अर्थ-व्यवस्था या ५ खरब की अर्थ-व्यवस्था जैसी बातों में किसी प्रकार का राष्ट्रीय गौरव दिखाने वाले लोग यह छिपा जाते हैं कि ऐसा कुछ पाने के लिए संसदीय लोकतंत्र की मर्यादा व प्रकृति के विनाश की लक्ष्मण-रेखा पार करनी होगी। इसकी इजाजत हम किसी को कैसे दे सकते हैं कि वह लोकतंत्र के मृत चेहरे को इतना सजा दे कि वह जीवित होने का भ्रम पैदा करने लगे ? हम मानवीय चेहरे वाला वह लोकतंत्र बनाना चाहते हैं जो अपने हर घटक को जीने का समान अवसर व सम्मान दे कर ही स्वंय की सार्थकता मानता है। यहां गति दम तोड़ने वाली नहीं, समरसता बनाने वाली होगी - प्रकृति व जीवन के बीच समरसता !

राहुल ने जो कहा उसके दो ही जवाब हो सकते हैं : भारत सरकार लोकतांत्रिक मानदंडों को झुका कर, खुद को उनके बराबर बताने का छद्म बंद करे। वह अपना लोकतांत्रिक व्यवहार व प्रदर्शन इतना ऊंचा उठाए कि उसका अपना लोकतांत्रिक चारित्र्य उधर कर सामने आए। राहुल को तीसरा कोई जवाब दिया नहीं जा सकता है।

1930 और 2023 के बीच इतनी बड़ी खाई नहीं बनाएं हम।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## संघर्ष से आती है जीवंतता



संकलित

दर्शन

साधना संसार में है, जंगल में तो साधना का सवाल ही नहीं है। साधना यहां है, जहां प्रतिपल कांटे हैं। कांटों के बीच जिस दिन तुम चलना सीख लो और कांटों के बीच तो चलो और कांटे चुभें न, बस उसी दिन समझ लेना कि अब तुम योग्य हो गए। जंगल जाने की जरूरत भी क्या है। यहीं भीड़ में जंगल हो गया है, अगर तुम्हारे भीतर प्रौढ़ता आ जाए, तो प्रज्ञा का जन्म हो। प्रज्ञा का जन्म संघर्षण से होता है। प्रतिपल जीवन की चुनौतियों को स्वीकार करने से होता है। हारने, गिरने, उठने से होता है। हजार बार गाली दी जाएगी, तुम क्रोधित हो जाओगे। हजार बार के अनुभव से तुम्हें समझ में आ जाएगा कि अपने को जलाना व्यर्थ है। गाली कोई दूसरा दे रहा है, दंड अपने को देना व्यर्थ है। एक दिन तो ऐसा आएगा कि कोई दूसरा गाली देगा और तुम्हारे भीतर क्रोध न आएगा। उसी दिन तुम्हारे भीतर एक कांटा फूल बन गया। उस दिन तुम्हें जो शांति मिलेगी, कोई जंगल नहीं दे सकता। जंगल की शांति मुर्दा है। अगर यहां गालियों के बीच तुम शांत हो गए, तो तुम्हारी शांति में एक जीवंतता होगी। जंगल की शांति में सन्नाटा है, क्योंकि वहां कोई है ही नहीं। वह नकारात्मक है। संसार में अगर तुम शांत हो जाओ तो सकारात्मक है। जंगल की शांति मरने जैसी है, संसार की शांति बड़ी जीवंत है। परमात्मा को पाना है, तो भागना मत। भगोड़ों से परमात्मा का कभी कोई संबंध नहीं जुड़ता। कायरों से संबंध जुड़ भी कैसे सकता है? चुनौती स्वीकार करने वाला साहस चाहिए।

## बुरे समय में सच्चा मित्र ही देता है साथ



संकलित

प्रेरणा

श्रीराम, लक्ष्मण और सीता के साथ वनवास के लिए निकल गए थे। ये तीनों पंचवटी में रह रहे थे। उस समय रावण ने छल से सीता का हरण कर लिया। श्रीराम और लक्ष्मण देवी सीता की खोज कर रहे थे, तब इनकी भेंट हनुमान जी से हुई। हनुमान जी ने श्रीराम और सुग्रीव की मित्रता कराई। श्रीराम और सुग्रीव की पहली मुलाकात थी। श्रीराम ने सुग्रीव से पूछा कि आप यहां जंगल में क्यों रह रहे हैं? मैं तो मेरी पत्नी सीता को खोज में जंगल-जंगल भटक रहा हूं, लेकिन लेकिन आप तो राजा हैं, आपको को अपने राज्य में रहना चाहिए। सुग्रीव ने श्रीराम से कहा कि मेरा बड़ा भाई बालि ही मेरा शत्रु हो गया है। वह बहुत शक्तिशाली है और उसकी वजह से ही मैं जंगल में छिपकर रह रहा हूं। दरअसल, एक बार एक राक्षस हमारे गांव आया था। बाली उसे मारने गया तो मैं भी पीछे-पीछे चला गया। राक्षस एक गुफा में चला गया तो बाली भी गुफा में चला गया। मैं गुफा के बाहर ही रुक गया। एक दिन गुफा से बाहर रक्त बहकर आने लगा, मैं डर गया और मुझे लगा कि मेरा भाई बालि मारा गया है। मैं अपने राज्य लौट आया तो यहां के लोगों ने मुझे राजा बना दिया। कुछ समय बाद मेरा भाई बाली राज्य में लौट आया। बाली ने मुझे राजा बना देखा तो वह मुझे ही शत्रु समझने लगा और अब वह मुझे मारना चाहता है। श्रीराम ने सुग्रीव की बातें सुनीं और कहा कि मैं आपकी बाली से रक्षा करूंगा। जब दोनों भाई को युद्ध हो रहा था, तब श्रीराम ने बाली को बाण से मार दिया था।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### ढोंगी बाबाओं पर सरकार नकेल लगाए

हमारे देश में पाखंडी टाइप के बाबाओं की संख्या घटने के बजाय बढ़ती रहने को दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जा सकता है। देश के हजारों लोग बाबाओं के पाखंड से इतना प्रभावित होते हैं कि जनता की उनका अंधभक्त बनने में देर नहीं लगाती और जब बाबाओं की काली करतूतों का पर्दाफाश होता है और जब बाबा जेल की सलाखों के पीछे पहुंचते हैं तो अंधभक्त जनता के पास अपने आप को ठगा महसूस करने के अलावा कुछ नहीं होता है। आती-जाती सरकारों को इन बाबाओं के लिए रेगुलेटरी अथॉरिटी बनाने तक की सोच इसलिए नहीं आती है क्योकि बाबा चुनाव के समय इनके लिए कामधेनु साबित होते हैं। जनता को बाबाओं की अंधभक्ति से बचाने के लिए सरकार से अपेक्षा की जाती है कि बाबाओं की कुंडली खोलने के लिए वह पुलिस व सीबीआई की सेवाएं लेने की सोच बनाए।

*-रवि शर्मा, भिलाई*

## ट्रेंड

### आरक्षण ठीक नहीं था



कर्नाटक में अल्पसंख्यकों को अब तक दिया जा रहा रिजर्वेशन संविधान के मुताबिक नहीं था। संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण देने का प्रावधान है ही नहीं। कांग्रेस ने अपनी ध्रुवीकरण की राजनीति के चलते अल्पसंख्यकों को आरक्षण दिया था। **-अमित शाह, गृह मंत्री**

### ध्यान भटकाने का प्रयास



मैंने प्रधानमंत्री की आखों में डर देखा है - वो डरते हैं अदाणी पर संसद में मेरे अगले भाषण से। सीधा सवाल है - शेल कंपनियों द्वारा अदाणी समूह में लगाया 20,000 करोड़ का विदेशी पैसा किसका है? सारा नाटक इस सवाल से ध्यान भटकाने के लिए है।

**-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

### विपक्ष के साथ



हमारे कांग्रेस के साथ मतभेद हो सकते हैं, लेकिन हम निंदा करने में विपक्ष के साथ खड़े हैं। राहुल गांधी की लोकसभा से अयोग्यता। उनकी अयोग्यता भाजपा द्वारा विपक्ष और अंततः हमारे लोकतंत्र को खत्म करने का एक और प्रयास है।


**-राघव चड्ढा, आप सांसद**

### इसरो की सफल उड़ान



वाह! वह एक बड़ा रॉकेट है... मेरे दिल को अपने साथ आसमान की ओर उठाता है। ब्रावो, इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से एक बार फिर (एलवीएम3-एम3/वनवेब इंडिया-2 मिशन की सफलता से भारत ने परचम पहराया है।


**-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति**




## करंट अफेयर

### होंडुरास ने किए चीन के साथ राजनयिक संबंध स्थापित


होंडुरास ने ताइवान के साथ संबंध समाप्त करने के बाद चीन के साथ राजनयिक संबंध स्थापित किए। ताइवान को अब वेटिकन सिटी समेत केवल 13 संप्रभु देश मान्यता देते हैं। चीन के सरकारी मीडिया 'सीसीटीवी' ने होंडुरास के साथ संबंधों को लेकर यह घोषणा की। इससे पहले होंडुरास और ताइवान सरकारों ने अलग-अलग घोषणा की कि वे संबंधों को समाप्त कर रहे हैं। होंडुरास के विदेश मंत्रालय ने ट्विटर पर जारी एक बयान में कहा, 'होंडुरास गणराज्य की सरकार दुनिया में केवल एक चीन के अस्तित्व को मान्यता देती है और चीन सरकार एकमात्र वैध सरकार है जो पूरे चीन का प्रतिनिधित्व करती है।' उसने कहा, 'ताइवान चीनी क्षेत्र का एक अविभाज्य हिस्सा है और होंडुरास सरकार ने राजनयिक संबंधों को समाप्त करने के बारे में ताइवान को सूचित किया है। उसने ताइवान के साथ कोई आधिकारिक संबंध या संपर्क स्थापित नहीं करने का संकल्प लिया।' ताइवान के विदेश मंत्री जोसेफ वु ने बताया कि ताइवान ने अपनी संप्रभुता एवं गरिमा की रक्षा के लिए होंडुरास के साथ अपने संबंधों को समाप्त कर लिया है।



## ऑफ बीट

### ओज़ेम्पिक वजन घटाने में काफी मदद करता है

आपने शायद ओज़ेम्पिक दवा के बारे में सुना होगा, जिसका उपयोग टाइप 2 मधुमेह के प्रबंधन और वजन घटाने की दवा के रूप में किया जाता है।



ओज़ेम्पिक (और इसी तरह की दवा वेगोवी) को सुर्ख़ियों और विवादों में कुछ अधिक ही स्थान मिला है। इसके कारणों में वैश्विक स्तर पर इसकी आपूर्ति की कमी, एलोन मस्क से इसका उपयोग करने के बारे में ट्वीट, अमेरिका में किशोरों का वजन घटाने के लिए इसका अनुमोदन और ऑस्कर के होस्ट जिमी किमेल द्वारा पिछले हफ्ते एक कार्यक्रम में इसका मजाक उड़ाना शामिल है। लेकिन हमें वास्तव में ओज़ेम्पिक जैसी दवाओं की कितनी आवश्यकता है? क्या इनकी जगह हम भोजन को दवा के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं? ओज़ेम्पिक कैसे काम करता है? ओज़ेम्पिक में सक्रिय संघटक सेमाग्लूटाइड है, जो पेट भरा होने का एहसास देने का काम करता है। पेट भरा होने की यह भावना भूख को दबा देती है। इसलिए यह वजन घटाने का काम करता है। सेमाग्लूटाइड अग्न्याशय को इंसुलिन का उत्पादन करने में मदद भी करता है, इस प्रकार यह टाइप 2 मधुमेह को प्रबंधित करने में मदद करता है।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

### बिजयनगर कांग्रेस सेवादल के पदाधिकारी अजमेर में चल रहे सत्याग्रह में शामिल हुऐ



**बिजयनगर/ रामकिशन वैष्णव)।** स्थानीय कांग्रेस सेवादल के पदाधिकारियों ने अजमेर गांधी भवन में चल रहे केन्द्र सरकार के खिलाफ सत्याग्रह में हुए शामिल ! सेवादल के जिला उपाध्यक्ष रामलाल नंगवाड ने बताया कि केंद्र सरकार की तानाशाही और भाजपाई षडयंत्र के चलते कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लोकसभा से अयोग्य घोषित करने पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ दिनांक 26 मार्च रविवार को अजमेर में आयोजित गांधी भवन पर सत्याग्रह में शामिल हुये। इस दौरान बिजयनगर से कांग्रेस सेवादल जिला उपाध्यक्ष रामलाल नंगवाडा,जिला प्रशिक्षक ज्ञानचंद गोखरू, नवनीत सिंह टुटेजा,महावीर नाबेडा, बच्छराज साहू, इकबाल हुसैन, जगदीश शर्मा ,रोहित धानका आदि पहुंचे।

### युवाओ ने नरेन्द्र मीना के नेतृत्व में फूंका मोदी का पुतला



गरीबों का सितारा

**लक्ष्मणगढ़(अलवर)।** लक्ष्मणगढ़ में युवा कांग्रेसियों ने केंद्र की भाजपा सरकार के द्वारा षडयंत्र पूर्वक साजिश कर कांग्रेस पार्टी के राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता से निलंबित करने के विरोध में कांग्रेस के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नरेंद्र मीणा के नेतृत्व में कांग्रेसियों के द्वारा भगत सिंह सर्किल लक्ष्मणगढ़ में प्रधानमंत्री मोदी का पुतला दहन किया। नरेंद्र मीणा ने कहा की भाजपा के केन्द्र में सत्ता में आने से देश में सच बोलने वालों व ईमानदार व्यक्तियों को केंद्र सरकार के द्वारा राजनीतिक द्वेषपूर्ण लगातार निशाना बनाया जा रहा है। इसी के चलते राहुल गांधी को उसकी सच्चाई के लिए सत्ता का दुरुपयोग कर नाजायज रुप से परेशान कर देश का माहौल खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष नरेंद्र मीणा, सचिन मीणा, गिर्राज शर्मा, विनोद जाटव, राकेश मीणा सहित दर्जनों की तादाद में युवा मौजूद रहे।

### लक्ष्मणगढ़ में कांग्रेसियों ने विरोध प्रदर्शन कर पीएम का पुतला फूंका



गरीबों का सितारा

**लक्ष्मणगढ़(अलवर)।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा केंद्र सरकार के तानाशाही रवैया व राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द करने के विरोध में रविवार को ब्लॉक अध्यक्ष नवीन शर्मा हरसाना के नेतृत्व में भगत सिंह सर्किल पर विरोध प्रर्दशन कर पीएम का पुतला फूंका। इस दौरान रामदयाल मीणा, लाल मोहम्मद, दिनेश मीना, बिजेंदर मीणा, हसन खान, युवा कांग्रेस नेता मोहम्मद रफीक खान, सौदान प्रजापत , दिनेश मीना बिचगांवा, नरोत्तम सैनी, प्रमोद जैन, सरपंच साहबदिन खान, रामसिंह मीणा, फुलसिंह मीना, पूर्व सरपंच मंगतू विजय, आसम खेलदार, हारुन खान, असलम , रिंकू मीणा, आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### राइट टू हेल्थ बिल के बाद प्राइवेट अस्पतालों की गुणवत्ता खत्म हो जाएगी



गरीबों का सितारा

**रुपेश शर्मा।** आज प्रातः 10:00 बजे आईएमए हॉल में मीटिंग हुई जिसमें सभी चिकित्सकों ने अपनी राइट टू हेल्थ बिल के बारे में बताया कि यह डॉक्टर एवं मरीज के बीच के रिश्ते को खत्म कर देगा एवं राजस्थान में प्राइवेट अस्पतालों की गुणवत्ता जो बनी हुई है उसको पूरी तरह तहस-नहस कर देगा और प्राइवेट अस्पताल भी सरकारी से भी



बदतर हो जाएंगे या तो डॉक्टर अपने अस्पताल बंद कर देंगे या दूसरे राज्यों में पलायन कर जाएंगे या अपना जमीर मार कर के ऐसे भय पूर्ण वातावरण में अस्पताल चलाएंगे जिससे कि मरीज का भला कभी नहीं होगा सभी ने केवल एक ही मत से प्रस्ताव पारित किया कि केवल राइट टू हेल्थ बिल वापस ही होना चाहिए बहुत से समाज संयुक्त व्यापारी महासभा के अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, सर्कस व्यापार समिति के अध्यक्ष संजय जैन ने आज हमें अपना समर्थन पत्र दिया एवं सदन को संबोधित किया जिसमें ब्राह्मण समाज के युवा अध्यक्ष आकाश मिश्रा शिव चरण कमल विनोद शर्मा महेश उपाध्याय एवं विशाल शर्मा खंडेलवाल सेवा समित के श्याम बढ़ाया एवं राकेश अटोलिया पंजाबी वेलफेयर सोसाइटी के दीवान चंद सेतिया सुरेंद्र कुमार सोनी राधे श्याम अहूजा राधा कृष्ण अरोड़ा खंडेलवाल मंडल अलवर की तरफ से अजय झालानी मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन की तरफ से योगेश स्वामी दिनेश सोनी नरेश गोयल मनोज अरोड़ा विजय चौहान विशाल खंडेलवाल यतीम शर्मा शरद मिश्रा, राजस्थान केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष आर.बी पुरी ने राइट टू हेल्थ बिल को समाज विरोधी बताया और डॉक्टरों का समर्थन किया डॉ विजय पाल यादव अध्यक्ष प्राइवेट हॉस्पिटल संघर्ष समिति ने बताया कि कल जयपुर में बहुत बड़ी रैली होने वाली है इसमें यहां से बड़ी संख्या में चिकित्सक एवं उनके स्टाफ परिजन जाएंगे और अपना विरोध प्रदर्शन करेंगे सरकारी चिकित्सक भी 2 घंटे का कार्य बहिष्कार रखेंगे एवं आंदोलन में भाग लेंगे यदि सरकार में मांगे नहीं मानती तो 29 तारीख को सरकारी चिकित्सक भी हड़ताल में शामिल होंगे पुनः जनता से क्षमा प्रार्थी हैं कि हम आपकी सेवा नहीं कर सकते क्योंकि हमारा स्वयं का अस्तित्व ही खतरे में है।

# केकड़ी में ब्यावर के ज्योतिषी नाहटा के हाथों से हुआ रेस्टोरेंट का उद्घाटन

## उद्घाटन समारोह में देशभर की कई बड़ी -बड़ी हस्तियों ने की शिरकत

### नाहटा से मिलने के लिए केकड़ी हुआ दीवाना

गरीबो का सितारा





**अजमेर/ब्यावर।** केकड़ी में नवनिर्मित एच गुरु हस्ती फैमिली रेस्टोरेंट एवं कैफे का ब्यावर जिले के एस्ट्रोलॉजर एवं हस्तरेखा विशेषज्ञ दिलीप नाहटा एवं धर्मपत्नी नमिता नाहटा के हाथों से एवं एच गुरु हस्ती फैमिली रेस्टोरेंट एवं कैफे के संचालक मनीष राठी एवं नीति राठी के माता - पिता कैलाश चंद राठी - सीता देवी राठी एवं मोहन लाठी - अनसूया लाठी के हाथों से फीता कटवाकर शुभारंभ किया गया है , गौरतलब है कि एच गुरु हस्ती फैमिली रेस्टोरेंट एवं कैफे के संचालक मनीष राठी ने ब्यावर के ज्योतिषी एवं भविष्यवक्ता दिलीप नाहटा को खासतौर से नवनिर्मित गुरु हस्ती फैमिली रेस्टोरेंट एंड कैफे के उद्घाटन के लिए बुलाया था जो ब्यावर जिले के लिए गौरव का विषय माना जा रहा है , ज्ञात रहे कि इस उद्घाटन समारोह में देशभर की कई बड़ी - बड़ी हस्तियों ने शिरकत की है एवं इसके अलावा उद्घाटन समारोह में आए सैकड़ों अतिथियों ने ब्यावर के ज्योतिषी दिलीप नाहटा के साथ फोटोशूट भी करवाया , जैसे नाहटा को ज्योतिष जगत का सेलिब्रिटीज मान लिया गया हो , केकड़ी की जनता से मिले इस अद्भुत स्नेह एवं प्यार को नाहटा ने गुरु हस्ती के चरणो में समर्पित किया है , गौरतलब है कि इस उद्घाटन समारोह में केकड़ी के साथ-साथ देशभर से सैकड़ों गणमान्य अतिथिगण पहुंचे थे , जिनमें शामिल है , राजस्थान सरकार के पूर्व संसदीय सचिव शत्रुधन गौतम , केकड़ी से नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन अनिल मित्तल , पूर्व भाजपा विधायक प्रत्याशी राजेंद्र विनायका , प्रधान होनहार सिंह राठौड़ , सूरत से पीपल्स ग्रीन पार्टी के मानवाधिकार डिपार्टमेंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुखराज कावड़िया , निंबाहेडा से उद्योगपति विमल मुणोत , बूंदी भाजपा के पूर्व जिला प्रवक्ता एवं महेश क्रेडिट सोसायटी के अध्यक्ष संजय लाठी , केकड़ी से ओम प्रकाश - बसंती राठी , सुरेश चंद-किरण राठी , धनराज - उषा राठी , विशाल - अनुप्रिया राठी , अंशुल राठी , हेमांग राठी , भीलवाड़ा से सत्यनारायण - चन्द्रमणि जैथलिया , जहाजपुर से महेश - रेखा झंवर , राधेश्याम - कृष्णा बाहेती , भंवर लाल - पुष्पा दूदानी , राजेंद्र - इंद्रा दूदानी , गोविंद - प्रिया दूदानी , विनोद - वीणा दूदानी , शरद दूदानी , नितिन राठी , राधेश्याम - शकुंतला झंवर , कुशल - सुमन झंवर , सौरभ - शिखा झंवर , रामरतन सोमानी , सत्यनारायण सोमानी , मुकेश कोडवानी , बालाजी हेड़ा , उमेश मूंदड़ा , ओमप्रकाश मूंदड़ा , महेश काबरा , दिनेश काबरा , अमन काबरा , सुमित काबरा , ओम प्रकाश बियानी , अनिल राठी , कालूराम ईनाणी , महेश सोमानी , महावीर राठी , पूर्व पार्षद ज्ञान प्रकाश राठी , गोपाल बियानी , अशोक तोषनीवाल , अजय तोषनीवाल , राकेश पारीक , रामअवतार सिखवाल , भागचंद मुंदडा , छितरमल न्याती , पवन गोयल , अनुराग जैन , मुकेश नुहाल , रोहित राठी , सोनू पारीक , रामकिशोर बियानी , विजय तोषनीवाल , नोरत दुदानी , राजेंद्र मेघवंशी , कोटा से एडवोकेट बृजराज - फूलकुमारी मंत्री , संजय - सीमा काल्या , पवन मंत्री , लक्ष्मी कांत धूपड़ , मानसी राठी , सीमा रांका , रितु रांका , राधे दुदानी , खुशी जेथलिया , अंशुल जेथलिया , छोटू झंवर , कृष्णा झंवर , विपिन दुदानी , महेश दुदानी सहित आदि कई गणमान्य अतिथियों ने इस उद्घाटन समारोह में अपनी उपस्थित देकर न केवल पूरे माहेश्वरी समाज का सम्मान बढ़ाया है अपितु पूरे केकड़ी जिले का सम्मान बढ़ाया है , इसके लिए राठी परिवार ने इस उद्घाटन समारोह में आए सभी केकड़ी वासियों का एवं बाहर से पधारे हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया है।

## जिला स्तरीय फोटोग्राफर यूनियन मींटिंग का हुआ आयोजन

गरीबो का सितारा



**वी.पी.मीणा बहरोड।** बहरोड़ फोटोग्राफर यूनियन की रविवार को मीटिंग जिला फोटोग्राफर्स एंड डीलर्स वेलफेयर सोसायटी की शाखा बहरोड़ की बहरोड़ के नारनौल रोड पर स्थित निजी होटल पर आयोजित हुई। इस अवसर पर अलवर अध्यक्ष सुनील रामेजा ने यूनियन के बारे में विस्तृत रूप से बताया और कहा कि हम सबको मिलकर काम करना है। सब एकजुट रहेंगे तो सभी का फायदा है और फोटोग्राफर की दशा में भी सुधार होगा,वही सचिव बॉबी नरूला ने यूनियन की आने वाले वर्ष में होने वाले कार्यो व भविष्य की गतिविधियों के बारे में सभी फोटोग्राफरो को बताया। साथ ही अलवर जिला फोटोग्राफर्स वेलफेयर सोसायटी शाखा बहरोड़ की नई कार्यकारिणी के चुनाव जिला कार्यकारणी द्वारा शान्ति पूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाये गए। बहरोड़ शाखा अध्यक्ष मानसिंह यादव, उपाध्यक्ष हंसराज सोनी , लक्ष्मी जी व सचिव प्रदीप , कोषाध्यक्ष जेपी, सह कोषाअध्यक्ष निर्मल व अन्य साथी बहरोड़ कार्यकारणी के सदस्य के रूप में बहरोड़ फोटोग्राफर वेलफेयर सोसायटी का प्रतिनिधित्व करेंगे।इस अवसर पर यूनियन संरक्षक राधेश्याम वसिष्ठ, अध्यक्ष सुनील रामेजा, कोषाध्यक्ष जुगल सैनी, विकास यादव, जितेन्द्र यादव, खुशवंत जोशी, कैलाश शर्मा,महिपाल, सुरेश शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

## महासभा चुनाव का तीसरा चरण सम्पन्न

### 32 सर्कल सभाओं के चुनाव हुए

गरीबो का सितारा



**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** राजस्थान रावत-राजपूत महासभा के द्विवार्षिक चुनाव का तीसरा चरण आज सम्पन्न हुआ, जिसमें निर्धारित 53 सर्कल सभाओं में से 32 सर्कल सभाओं के चुनाव आज सम्पन्न हुए। मुख्य चुनाव अधिकारी किशोरसिंह काछबली द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आज तीसरे चरण के चुनाव लोकतांत्रिक तरीके से शांतिपूर्ण सम्पन्न हुए एवं शेष सर्कल सभाओं के प्रतिनिधियों के चुनाव चौथे चरण में कराए जाएंगे। महासभा के वरिष्ठ महामंत्री मानसिंह चौहान ने बताया कि मुख्य चुनाव आयुक्त एवं सहायक चुनाव आयुक्तों आनंदसिंह खोडिया, शोभागसिंह हाथीभाटा एवं लक्ष्मणसिंह प्रिंस के निर्देशन में सर्कल सभाओं के चुनाव अधिकारियों के रूप में यथासंभव समाज के सरकारी कार्मिकों एवं प्रतिष्टित लोगों को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। तीसरे चरण में सम्पन्न चुनाव में, पूर्व कोषाध्यक्ष मोहनसिंह राठौड़, सामूहिक विवाह समिति के अध्यक्ष पूरणसिंह राठौड़, राजियावस सरपंच बृजपालसिंह, माधूसिंह बरजाल, त्रिभुवननारायणसिंह, किशनपुरा सरपँच धमेंद्रसिंह भाटी, नून्द्री महेंद्रातान सरपँच जयसिंह रावत, देवीसिंह पँवार जवाजा, शक्तिसिंह सिंघाड़िया, मोहनसिंह फौजी, बन्नेसिंह भीला, प्रतापसिंह पाबूसर, रतनसिंह खींवल, मनोहरसिंह भभाण, प्रतापसिंह मोगर, लक्ष्मणसिंह सारण, नारायणसिंह कोटड़ा आदि ने विभिन्न चुनाव स्थलों पर पहुंचकर चुनाव सफल कराए।

## लक्ष्मणगढ़ में सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देखने के लिये उमड़ी लोगों की भीड़

गरीबों का सितारा

**लक्ष्मणगढ़(अलवर)।** लक्ष्मणगढ़। श्री आदर्श कला मण्डल के द्वारा श्री सार्वजनिक पुस्तकालय व नगर पालिका के सहयोग से चल रहे गणगौरी





माता के मेले के तीसरे दिन पुरानी सब्जी मंडी स्थित रामलीला मैदान में सांस्कृतिक संध्या व रसोई गायन कार्यक्रम समारोह पूर्वक आयोजित हुआ। श्री आदर्श कला मण्डल अध्यक्ष रवि कुमार शर्मा ने बताया कि समारोह के मुख्यअतिथि विधायक जौहरीलाल मीणा थे। विशिष्ट अतिथियों कांग्रेस की पूर्व प्रदेश सचिव मीना गुप्ता, भामाशाह बल्ली भाई घोषी, चन्नू साहू, नारायण गुप्ता, नपा रैणी चेयरमैन श्रीचंद शर्मा, शिव डाक कावड़ सेवा समिति के सुरेन्द्र सिंह, जय माता सेवा समिति के रवि साहू, मुकेश सैनी, नेशनल युवा क्लब धर्मेंद्र बुंदेला उर्फ झंडू थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी अतिथियों का साफा बंधन व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। बाद में विधायक जौहरीलाल मीणा ने उनके द्वारा कराए गए विकास कार्यों को गिनाया। अध्यक्ष रवि शर्मा विधायक से सार्वजनिक पुस्तकालय के वाचन्यायलय को वाताकुनुलित बनाने की मांग की। जिस पर विधायक ने कोटे से कार्य करवाने का आश्वासन दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम को देखने के लिये कस्बे वासियों की भीड़ उमड़ पड़ी। देर रात तक लोग कार्यक्रम को देखने के लिये डटे रहे। इस दौरान इस हेमन्त खारवाल, राजेश तिवाड़ी, हीरालाल काका, आनन्द आर्य, मोनी, सुनील शर्मा, नरेन्द्र स्वामी, भुन्नी गुप्ता मौजूद रहे।

## राजियावास सर्कल सभा चुनाव हुआ निर्विरोध



गरीबों का सितारा

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** राजियावास तालाब की पाल पर शिव मंदिर प्रांगण में रविवार को शिरोमणि राजस्थान रावत राजपूत महासभा ब्यावर के सर्कल सभा राजियावास के द्विवार्षिक चुनाव निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिए गए हैं। सर्कल सभा संयोजक सरपंच ब्रजपालसिंह रावत ने बताया कि अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से चंद्रभानसिंह चौहान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेन्द्रसिंह गौड़, मंत्री डूंगरसिंह चौहान, संयुक्त मंत्री दिलीपसिंह चौहान, संगठन मंत्री गणपतसिंह रावत, प्रचार मंत्री गजराजसिंह चौहान, कोषाध्यक्ष बेनीपालसिंह चौहान और ऑडिटर गंगासिंह चौहान आदि कार्यकारिणी पदाधिकारियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। इसी प्रकार सर्कल सभा के नवयुवक मंडल अध्यक्ष भानुप्रतापसिंह, उपाध्यक्ष हरिसिंह पंवार तथा मंत्री विनोदसिंह को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। इस अवसर पर चुनाव अधिकारी त्रिभुवननारायणसिंह ब्यावर, सह संयोजक मोहनसिंह राठौड़, कल्याणसिंह, रामसिंह, लक्ष्मणसिंह, यशपालसिंह, मोतीसिंह, पुरणसिंह, प्रेमसिंह, नाथूसिंह, भोमसिंह, उदयसिंह, हरिसिंह आदि मौजूद थे। संचालन सरपंच ब्रजपालसिंह रावत ने किया।

## सीएलसी जयपुर में CAST का आयोजन

गरीबों का सितारा

**जयपुर। (विनोद धायल)।** सीएलसी जयपुर



द्वारा रविवार को एडमिशन कम स्कॉलरशिप टेस्ट CAST का आयोजन किया गया। प्रवेश व छात्रवृत्ति परीक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए सीएलसी सीईओ साहिल चौधरी ने बताया कि सीएलसी जयपुर में कक्षा 6 से 10 प्री फाउंडेशन व 11वीं नीट व जेईई फाउंडेशन के लिए यह परीक्षा आयोजित की गई है जिसके आधार पर प्रवेश में विशेष छात्रवृत्ति दी जाएगी। परीक्षा का परिणाम 29 मार्च को घोषित किया जाएगा जिसके आधार पर विजेताओं को 6 अप्रैल से शुरू होने वाले बैच में प्रवेश दिया जाएगा। इस अवसर पर संस्था निदेशक इंजी. श्रवण चौधरी ने उअरळ में प्रविष्ट होने वाली सभी विद्यार्थियों को शुभकामना देते हुए बताया कि 6 अप्रैल से कक्षा 6 से 10 प्री फाउंडेशन, 11वीं 12वीं नीट व जेईई फाउंडेशन व टारगेट कोर्स के बैच शुरू हो रहे हैं जिसके लिए रजिस्ट्रेशन व प्रवेश प्रक्रिया चालू है।

## रींगस भैरुजी धाम पर उमड़ी अपार श्रद्धा, हजारों भक्तों ने नवाया शीश





गरीबों का सितारा

**रींगस(अरविन्द कुमार)।** रींगस कस्बे में स्थित भैरुजी महाराज मंदिर में नवरात्रि के दौरान अपार श्रद्धा का सैलाब उमड़ा, हजारों भक्तों ने अपने आराध्य के दर्शन कर मनौतियां पूरी होने की कामना की। वही नवविवाहित जोड़ों ने पूजा अर्चना कर गठजोड़े की जात लगाई। श्रद्धालुओं ने भैरू बाबा की पवित्र जोहड़ी में स्नान कर पुआ पापड़ी का भोग लगाया और भजन कीर्तन व जयकारों से बाबा को रिझाया। रींगस का भैरू लाडला महारी अरज सुणलो काई रे गाते हुए भक्त अपने आराध्य की झलक पाने के लिए बेताब नजर आए। वही श्री भैरुजी महाराज मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा भक्तों को सुगम दर्शनों के लिए सेवाएं दी। मंदिर पुजारी फूलचंद गुर्जर ने जानकारी देते हुए बताया कि भक्तों का आवागमन प्रातः मंगला आरती से ही शुरू हो गया था जो देर रात तक जारी रहा।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# जीता मन: मयूरी विशेष विद्यालय का वार्षिकोत्सव आयोजित किया

## वार्षिकोत्सव समारोह उत्साहपूर्वक मनाया गया, विधायक, कलेक्टर सहित कई हस्तियां रही मौजूद





**गरीबों का सितारा**

**धौलपुर।** दिव्यांग बच्चों के पुनर्वास एवं संवर्धन के लिए समर्पित जिले के एकमात्र विशेष विद्यालय मयूरी विशेष विद्यालय एवं पुनर्वास केंद्र का वार्षिकोत्सव समारोह उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि लोकप्रिय जनप्रतिनिधि विधायक रोहित बोहरा, अध्यक्षता जिला कलेक्टर अनिल कुमार अग्रवाल, पूर्व आरपीएससी चेयरमैन डॉक्टर एस गर्ग, मुरारी लाल सिंगल पूर्व अध्यक्ष पुलिस जवाबदेही समिति, विश्व देव पांडे उपनिदेशक समाज कल्याण विभाग, सतीश चंद जैन अध्यक्ष अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन, ऋषि मित्तल, शिव शंकर गर्ग द्वारा समारोह की शुरूआत माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रजवलित कर कि गयी। समारोह में विशेष जन बच्चों द्वारा मनोहारी प्रस्तुतियां दी कार्यक्रम में सुंदर घूमर नृत्य के साथ-साथ कई रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई तथा लोक नृत्यों की मनोहारी प्रस्तुति दी। समारोह में शैक्षिक एवं सह शैक्षिक क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धि अर्जित करने वाले दिव्यांग छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।



### विद्यालय के प्रयासों की हुई सराहना

समारोह में मुख्य अतिथि राजाखेड़ा विधायक रोहित बोहरा ने दिव्यांग बच्चों के पुर्नवास में समर्पित मयूरी विशेष विद्यालय के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि समाज को वापस देना सीखना होगा तभी सभी का विकास हो सकता है। अध्यक्षता करते हुए जिला कलेक्टर अनिल कुमार अग्रवाल ने कहा कि दिव्यांगों के कल्याण के लिए सरकार अनेक योजना चला रही है। लेकिन इस संबंध में समाज को भी अपने नजरिए में बदलाव लाना होगा। उन्होंने लोगों से मयूरी विशेष विद्यालय से प्रेरणा लेकर समाज हित के कार्य करने का आह्वान भी किया। आरंभ में राजस्थान लोक सेवा आयोग के पूर्व चेयरमैन एवं आयोजक सचिव डा. आरएस गर्ग ने दिव्यांगों के कल्याण के लिए संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी तथा अतिथियों का स्वागत किया।

### यह भी रहे मौजूद

विद्यालय की संचालिका मधु गर्ग ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। विद्यालय के प्राचार्या मधु गर्ग द्वारा विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया एवं विशेष जन बच्चों एवं उनके शिक्षकों को कार्यक्रम प्रस्तुतीकरण के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर पूर्व आरपीएससी चेयरमैन डॉ. आर एस गर्ग एवं विद्यालय संयोजिका मधु गर्ग ने वरिष्ठ पत्रकार विजय शर्मा को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया इस अवसर पर समाजसेवी मुरारीलाल सिंघल, सतीश चंद जैन, राम कुमार गर्ग ,मास्टर नेमीचंद ,ऋषि मित्तल, अनुराग शर्मा, मुकेश बंसल, पीडी अग्रवाल, आयोजन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक राम अखितयार सिंह, पूर्व जिला कार्यवाह विशंभर दयाल शर्मा, विश्वदेव पाण्डेय उप निदेशक समाज कल्याण विभाग, वरिष्ठ पत्रकार विजय शर्मा पत्रकार राजेश रस्तोगी, राजीव रस्तोगी , डॉक्टर भूपेंद्र पाराशर विशेष जन बच्चों के शिक्षक पीयूष शर्मा, प्रज्ञा शर्मा, ब्रह्मकुमारी प्रतिनिधि प्रियंका बहिन, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की महिला जिला अध्यक्ष मधुमंगल एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष ममता अग्रवाल, महिला मंडल की अध्यक्ष रागिनी अग्रवाल ,रेनू भार्गव, प्रतिभा गुप्ता, आरती गर्ग, उषा राना ,मधु सोलंकी, अंजना पेंगोरिया, आरती गर्ग ,बॉबी गोयल ,तथा इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष आकांक्षा भार्गव अतुल अग्रवाल, मुकेश शर्मा, प्रेम मंगल ,रामविलास अग्रवाल, सहित विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा गणमान्य नागरिक उपस्तिथ रहे। संचालन गोविंद शर्मा द्वारा किया गया।

# सायको और फिजियो थैरेपी परामर्श शिविर संपन्न, थैरेपी शिविर में 120 दिव्यांग लाभान्वित







**गरीबों का सितारा**

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** राजस्थान महिला कल्याण मंडल द्वारा संचालित संजय इज्न्क्लुसिवे स्कूल में रविवार को एक दिवसीय निःशुल्क ऑक्यूपेशनल, फिजियो और साईको थैरेपी परामर्श कैम्प का आयोजन किया गया शिविर का शुभारम्भ रणसिंह चीता उपनिदेशक शिक्षा की अगुवाई में बतौर अतिथि डॉ सुरेन्द्र सिंह चौहान (पीएमओ अमृतकौर हॉस्पिटल ब्यावर) शशिबाला सोलंकी (पूर्व सभापति ब्यावर) श्रीमती सोफिया मार्लिन (यूनिट हेड-) राजेंद्र सेठिया(अध्यक्ष-जैन लोंकाशाह नवयूवक मंडल), पियूष रांका, श्रीमती बीना झंवर(वार्डपार्षद), सिद्धार्थ जोशी( हेड मेनेजर) गौरव (इंजीनियर-ओक्सिजन प्लांट अमृत कौर हॉस्पिटल), सिद्धू श्रीश्रीमाल, रोनक श्रीश्रीमाल एवं शिविर परामर्श विशेषज्ञ के रूप में डॉ. कुमुद शर्मा (ऑक्युपेशनल थेरेपिस्ट-न्यू दिल्ली), सुश्री अंजली सेन (सायकोलोजिस्ट), कृष्णा कुमार बाकोलिया (फिजियोथेरेपिस्ट) एवं मोहित औदिच्य (सायकोलोजिस्ट) द्वारा माँ सरस्वतीं व बाउजी स्व. सागरमल कौशिक की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया व सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। रणसिंह चीता (उपनिदेशक शिक्षा) ने उक्त शिविर का उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संस्था निदेशक श्री राकेश कुमार कौशिक के नेतृत्व में आज एक दिवसीय थैरेपी शिविर का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों को उनकी जरूरत के मुताबिक सभी थैरेपिया (ऑक्यूपेशनल, फिजियो और साईको ) एक ही छत के निचे विशेष विशेषज्ञों के माध्यम से सहजता से सुलभ करवाना है ताकि म दिव्यांगजन को आवश्यक थैरेपी व उचित परामर्श दिया जा सके इस शिविर के माध्यम से ब्यावर उपखंड के 120 से अधिक दिव्यांगजन व्यक्तियों को थैरेपी का लाभ मिल पाया है तथा इस शिविर में पेरेंट्स एंड चाइल्ड काउंसलिंग, स्पेशल एजुकेशन, बोलने सम्बंधित समस्या जैसे हकलाना, तुतलाना, स्पष्ट उच्चारण नही कर पाना, चलने सम्बंधित समस्या, व्यवहारगत समस्याए जैसे जिद करना चीखना, गुस्सा करना, तथा विकास में होने वाली देर, स्पाईना बिडिफा, सेरेब्रेल पाल्सी से ग्रसित दिव्यांगो को डॉ.कुमुद शर्मा( ऑक्युपेशनल थेरेपिस्ट-न्यू दिल्ली), सुश्री अंजली सेन (सायकोलोजिस्ट), श्री कृष्णा कुमार बाकोलिया (फिजियोथेरेपिस्ट) द्वारा उचित परामर्श दिया जा रहा है ताकि छोटे शहरो में भी विकलांगता के क्षेत्र में हुए नए नए शोध को अनुभवी विशेषज्ञों का लाभ मिल सके श्रीमती शशिबाला जी सोलंकी (पूर्व सभापति ब्यावर) ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस कैंप में संस्था द्वारा दिव्यांग बच्चो की हितार्थ के लिए दिल्ली, लखनऊ, जयपुर आदि से विशेषज्ञों (ऑक्युपेशनल थेरेपिस्ट, स्पीच पैथोलॉजिस्ट, फिजियोथेरेपिस्ट और मनोवैज्ञानिक ) की टीम को एक छोटे से शहर में बुलाकर कैंप लगवाना एक बहुत ही सराहनीय कार्य है और इस शिविर के माध्यम से कई दिव्यांगो को उचित परामर्श मिल रहा है और में संस्था के इस प्रयास की प्रशंशा करती हु। श्रीमती सोफिया जी मार्लिन (यूनिट हेड-एनआईसीयू ) ने बताया कि आज इस शिविर के माध्यम से विभिन्न दिव्यान्गता वाले सभी लोगो को एक ही छत के निचे उचित परामर्श दिया जा रहा है जो की बहुत ही उपयोगी रहेगा अंत में रणसिंह चीता (उपनिदेशक शिक्षा) द्वारा सभी अतिथियों व शिविर में पधारे संभागियो का तथा सभी थेरेपी चिकित्सको को धन्यवाद दिया।

# ग्राम पंचायत हिंगोनियां में ग्राम सभा का आयोजन



**गरीबों का सितारा**

**महानरेगा कार्यों के सामाजिक अंकेक्षण को लेकर लिया प्रस्ताव**

**हिंगोनियां, राजेंद्र शर्मा।** ग्राम पंचायत हिंगोनियां में रविवार को ग्राम सभा का आयोजन सरपंच छीत्तर मल कुमावत की अध्यक्षता में आयोजित हुई। ग्राम विकास अधिकारी रणजीत सिंह भाटी ने बताया कि रविवार को सामाजिक अंकेक्षण टीम ने पंचायत में हुए महानरेगा कार्यों को लेकर ग्राम सभा का आयोजन उपस्थित टीम व ग्राम पंचायत वासियों की उपस्थिति में हुआ।महानरेगा कार्यों में कार्य संतोषजनक पाया गया। ग्राम विकास अधिकारी रणजीत सिंह भाटी ने सभी कार्यों की समीक्षा करवा कर प्रस्ताव पारित किया। इस अवसर पर जोरपुरा-सुन्दरियावास सरपंच कजोड़मल सिंघल, उप सरपंच गुरू बच्चन सिंह, बीआरपी मालीराम वर्मा, कनिष्ठ सहायक सन्तोष चौधरी, वार्ड पंच विनोद खरेटिया, झूमा देवी, सुवालाल मीणा समेत अनेक लोग मौजूद रहे। इस दौरान विकास निर्माण कार्यों, पानी की समस्या, गौचर भूमि का सीमा ज्ञान समेत अनेक मुद्दों पर चर्चा हुई।

# राजस्थान राज्य मंत्रालयिक कर्मचारी महासंघ की बैठक हुई आयोजित



**गरीबों का सितारा**

**धौलपुर।** राजस्थान राज्य मंत्रालयिक कर्मचारी महासंघ की बैठक पंचायत समिति धौलपुर के सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अशोक उपाध्याय के द्वारा की गयी। बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष राज सिंह चौधरी रहे। बैठक में 10 अप्रेल से सामुहिक अवकाश और 17 अप्रैल से जयपुर में महापड़ाव के संबंध में चर्चा की गई। उपस्थित सभी ब्लॉक अध्यक्ष और कार्यकारणी सदस्यों के द्वारा महासंघ के कार्यक्रम को सफल बनाने का आश्वासन दिया। राजस्थान राज्य मंत्रालयिक कर्मचारी महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष रामकिशोर पाठक ने भी संबोधित किया जिला अध्यक्ष गोपाल अवस्थी ने उपस्थित सभी की ओर से प्रदेश कार्यकारिणी को भरोसा दिलाया कि धौलपुर जिले के सभी मंत्रालयिक साथी महापड़ाव में शतप्रतिशत उपस्थिति रहेंगे। प्रदेश अध्यक्ष राजसिंह चौधरी के द्वारा अपने संबोधन में कहा कि वे पूर्ण विस्वास दिलाते हैं कि इस बार आंदोलन शुरू होगा तो बिना मांग मनवाये खत्म नहीं होगा। इस बार हम सरकार से अपनी मांगों को मनवाकर ही मानेगे। बैठक को प्रदेश पदाधिकारी सतवीर सिंह राजावत, विजय सिंह राजावत, जीतेंद्र सिंह राठौड़ के द्वारा भी संबोधित किया। बैठक में उपस्थित सभी जिले के पदाधिकारी एवं ब्लॉक अध्यक्ष एवं ब्लाक कार्यकारिणी के पदाधिकारियों और युवा साथियों ने संकल्प बंध होकर प्रदेश अध्यक्ष को दिनांक 10 अप्रैल से सामूहिक अवकाश एवं दिनांक 17 अप्रैल से महापड़ाव में धौलपुर जिले के हंड्रेड परसेंट मंत्रालय कर्मचारी साथियों की उपस्थिति का आश्वासन दिया। बैठक का संचालन देवेन्द्र काश्यप के द्वारा किया गया। बैठक के अंत में जिला महामंत्री नरेश परमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया।




# दूध के साथ-साथ गोबर व गौ मूत्र की उपयोगिता को भी समझें पशुपालक

**गरीबों का सितारा**

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** वेटरनरी विश्वविद्यालय के प्रसार शिक्षा निदेशालय एवं कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा), कृषि विभाग, बीकानेर के संयुक्त तत्वावधान में ह्यउन्नत गोपालन एवं गोबर-गोमूत्र प्रसंस्करणह्ल विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम रविवार को समाप्त हुआ। प्रशिक्षण में नोखा के 30 पशुपालक शामिल हुए। प्रशिक्षण समापन पर प्रसार शिक्षा निदेशक प्रो. राजेश कुमार धूडि ?ा ने कहा कि प्रदेश के लघु व सीमान्त पशुपालकों के दूध उत्पादन में सक्रिय योगदान से राजस्थान



आज देश में कुल 15 प्रतिशत दूध उत्पादन से प्रथम स्थान पर आ गया है। यदि पशुपालक दूध उत्पादन के साथ-साथ गोबर-गौमूत्र की उपयोगिता भी समझे तो उनकी दैनिक आय में ओर अधिक वृद्धि हो सकती है। समापन अवसर पर प्रो. ए.पी. सिंह, अधिष्ठाता वेटरनरी कॉलेज, बीकानेर ने भी प्रतिभागियों को सम्बोधित किया व पुरस्कार प्रदान किये। प्रशिक्षण में डॉ. दीपिका धूडि ?ा, डॉ. राजेश नेहरा, डॉ. मनोहर सैन, डॉ. प्रमोद धतरवाल, डॉ. अमित चौधरी, डॉ. सीताराम एवं दिनेश आचार्य द्वारा डेयरी पशुओं में मुख्य बीमारियां एवं रोकथाम, पशु आहार प्रबन्धन, पशु आवास प्रबन्धन, गौमूत्र का कीटनाशक के रूप में प्रसंस्करण, जैविक खेती, पशुओं में प्रजनन सम्बधी रोग व उपचार, एवं वर्मी कम्पोस्ट व वर्मी वॉश बनाने की विधिया व उपयोगिता आदि विषयों पर व्याख्यान प्रस्तुत किए गये। कृषि विभाग के सहायक कृषि अधिकारी श्रीराम विश्नोई भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर आयोजित प्रश्नोत्तरी में कंचन को प्रथम, जेठूसिंह को द्वितीय एवं पुरखाराम को तृतीय पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गये। प्रशिक्षण के समन्वयक डॉ. मनोहर सैन रहें।

# बीएसएफ डीआईजी राठौर ने किया लाइब्रेरी का लोकार्पण





**गरीबों का सितारा**

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** खानूवाली में रविवार को 127 वी वाहिनी सीमा सुरक्षा बल द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बीएसएफ के डीआईजी पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ एवं कार्यवाहक समादेष्टा बाबूलाल की पहल पर सीमावर्ती ग्राम खानूवाली में लड़कियों के लिएी- ीं१ल्लह्लल्लॅ लाइब्रेरी का शुभारंभ किया गया। राठौर ने कहा जिसका लाभ यहां के विद्यार्थी उठाएंगे। आगामी समय में देश की प्रशासनिक सेवा, पुलिस सेवा, सैन्य सेवा एवं बीएसएफ में सेवाएं प्रदान करेंगे ।जिसका पूरा लाभ सीमावर्ती ग्रामों के विद्यार्थियों को होगा। इसी अवसर पर ग्राम रक्षक दल के सदस्यों को जैकेट व कैप भी वितरित किए। उन्होंने कहा कि ग्राम रक्षक दल के सदस्य अपने गांव की रक्षा के अलावा बीएसएफ के कार्यों में भी मदद करेंगे। इसके अलावा ग्राम रक्षक सीमा सुरक्षा बल के साथ मिलकर अपराध नियंत्रण में बीएसएफ के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगे। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय 14 इऊ के लिए स्टूल वाह डेस्क 60 पीस और लेक्चर स्टैंड वितरित किया। इसी अवसर पर बावा प्रेसिडेंट अंबिका राठौर, मिसिस राजबाला यादव, एसडीएम गढ़साना अमिता बिश्नोई, कार्यवाहक कमांडेंट बाबू लाल यादव, उप कमांडेंट दिलबाग सिंह, उप कमांडेंट विनय कौशल, असिस्टेंट कमांडेंट राजेश चौधरी, श्रवण पूनिया सरपंच 17 ङठऊ सुभाष जालंधरा डायरेक्टर पंचायत समिति सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# मोती कटला डिस्पेंसरी रामगंज जयपुर में क्षयरोग (टीबी) दिवस मनाया गया : इमरान खान

**संकल्प : टीबी हारेगा, देश जीतेगा**

**गरीबों का सितारा**

**जयपुर।** रामगंज में स्थित मोती कटला डिस्पेंसरी में शुक्रवार को विश्व क्षय रोग दिवस मनाया गया। डिस्पेंसरी में आए हुए मरीज और उनके परिवार जनों को क्षय रोग से बचने के उपाय एवं बीमारी



को फैलने से रोकने के बारे में जागरूक किया। डा.रऊफ मोहम्मद,एसटीएस वसीम खान टीबी ऑफिसर इमरान खान ने डिस्पेंसरी में आए हुए मरीजो को क्षयरोग एवं टीबी प्रिवेंटिव थेरीपी की जानकारी देते हुए कहा है की 2025 तक देश को टीबी मुक्त करना है और संकल्प दिखाया टीबी को हराने में मदद करने व टीबी का उपचार समय से लेने का एवं सरकार द्वारा दिए जा रही निश्रय पोषण योजना की जो धनराशि टीबी मरीज को 500 रुपए महीना दी जा रही है सभी कर्मचारियों और मरीजों को अवगत करवाया गया। जिससे मरीज के ईलाज के दौरान पोषण में कमी ना रहे है और पर उपचार के साथ सही पोषण से मरीज स्वस्थ होकर अपने जीवन खुशहाल रहे।

# कांग्रेस सरकार ग्रामीण विकास के लिए प्रतिबद्ध : बेनीवाल

## गुसाईसर में हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम हुआ आयोजित

### ग्राम पंचायत के मुख्य द्वार का किया उद्घाटन



**गरीबों का सितारा**

**उमेश कुमार मोदी/नापासर बीकानेर।** राजस्थान में कांग्रेस सरकार ग्रामीण विकास के विभिन्न आयामो पर काम कर रही है जिसके सकारात्मक परिणाम आप सब के सामने है । यह बात पूर्व मंत्री वीरेन्द्र बेनीवाल ने रविवार को गुसाईसर गांव में हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं । उन्होंने कहा कि चाहे शिक्षा के क्षेत्र में ढांचागत विकास की बात हो या ग्रामीण विकास एवं कृषि संबंधी सुविधाओं की बात कांग्रेस सरकार की यही कोशिश है कि किसानों व ग्रामीणों को हर स्तर की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो. गहलोत सरकार का पिछला बजट इसका अनुकरणीय उदाहरण है ।उन्होंने ग्राम पंचायत भवन के नवनिर्मित मुख्य द्वार का फीता काटकर उद्घाटन किया । इस मौके पर नापासर ब्लॉक अध्यक्ष भंवरलाल पड़िहार,पूर्व अध्यक्ष अर्जुनराम कूकणा,नापासर मंडल अध्यक्ष बुलाकी पारीक,शेरेंरा मंडल अध्यक्ष सुखराम गोदारा,गुसाईसर मंडल अध्यक्ष मूलाराम जाखड़, नापासर सरपंच रतीराम तावणिया अभियान के विधानसभा कोऑर्डिनेटर रामदयाल गोदारा, नोरंगदेसर सरपंच खेताराम मेघवाल, मूलाराम पंचायत समिति सदस्य सुभाष मालासर सरपंच बीरबलराम गोदारा, गुसाईसर सरपंच रामकैलाश गोदारा,सरपंच प्रतिनिधि अखाराम गोदारा,पूर्व सरपंच भैराराम मेघवाल,सुखराम गोदारा चंपालाल शर्मा वार्ड पंच रामलाल गोदारा बिशनाराम नारायणराम पुरखाराम नायक खिराजराम गोदारा मानाराम गोदारा रामचन्द्र गोदारा हरिराम भादू किशनलाल किशन नेता बजरंग जाखड़ गोपालराम जाखड़ खेड़ातराम गोदारा रामनारायण गोदारा, तोलाराम गोदारा राजूराम हुडडा मूलाराम सुथार बिशनलाल शर्मा श्रीराम गोदारा सीताराम गोदारा सागरराम मास्टर जी लाभूराम जाखड़ अर्जुनराम निम्बडिया पुरखाराम निम्बडिया भिराजराम कूकना तोलाराम गोदारा अशोक ओझा पूर्व पंचायत समिति सदस्य सुरजाराम मेघवाल परमाराम मेघवाल वार्ड पंच भवंराराम गोदारा ओमप्रकाश गोदारा नरसीराम मेघवाल व बिशनाराम नायक सहित कांग्रेस कार्यकर्ता व ग्रामीण जन उपस्थित रहे ।



गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# दांता में मनाया गया श्रीराम जन्मोत्सव
# भगवा रंग में रंगा दांता कस्बा

कस्बे में निकाली गई विशाल भगवा वाहन रैली एवं शोभायात्रा

हजारों की संख्या में श्रद्धालु हुए शोभायात्रा व भगवा वाहन रैली में शामिल

## मुस्लिम समुदाय ने पूरे जोश के साथ जगह-जगह किया रैली का पुष्प वर्षा कर स्वागत





### दांता कस्बे में कई जगह मुस्लिम समुदायों ने रैली में शामिल लोगों के लिए कि ठंडे पेयजल की व्यवस्था

### एस एच ओ मदन कड़वासरा के नेतृत्व में 100 से अधिक पुलिसकर्मी रहे तैनात

गरीबों का सितारा

दांतारामगढ़ (विनोद धायल)। दांता कस्बें में भगवान श्रीराम जन्मोत्सव के उपलक्ष में आज विशाल भगवा वाहन रैली एवं शोभा यात्रा निकाली गई। भगवा वाहन रैली में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और इस दौरान पूरा दांता कस्बा भगवा रंग में रंगा नजर आया। रैली के दौरान श्रद्धालु नाचते गाते भगवान श्रीराम के जयकारों से पूरे कस्बें को गुंजायमान कर दिया। दांता की गौशाला से भगवा रैली एवं शोभायात्रा शुरू हुई जो कि कस्बे के मुख्य मार्गो



से होती हुई बस स्टैंड पर जाकर इसका समापन किया गया। शोभा यात्रा का कस्बे वासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शोभा यात्रा के दौरान महिलाओं एवं युवतियों में भी काफी जोश और उत्साह देखने को मिला। इसके साथ ही आसपास के दर्जनों गांवों से भी सैकड़ों की संख्या में लोग दांता पहुंचे और रैली में शामिल हुए। वही दांता कस्बे में हिंदू मुस्लिम दोनों समुदायों का धार्मिक सौहार्द का उदाहरण देखने को मिला जिसमें भगवा रैली एवं शोभायात्रा का मुस्लिम समुदाय ने भी पूरे जोश के साथ जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और एक दूसरे को बधाई दी इसके साथ ही कई जगह पर मुस्लिम समुदाय ने रैली में शामिल श्रद्धालु के लिए ठंडे पेयजल की व्यवस्था कर अनूठी मिसाल पेश की। वही सुरक्षा को लेकर दांतारामगढ़ प्रशासन व पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। एसडीएम प्रतिभा वर्मा एवं दांतारामगढ़ एसएचओ मदन कड़वासरा के नेतृत्व में 100 से भी अधिक पुलिसकर्मियों का जाब्ता कस्बे के चप्पे-चप्पे पर तैनात किया गया।

# सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का हुआ समापन

## स्वामी बालमुकुंदाचार्य महाराज हाथोज धाम के सानिध्य में हुआ कार्यक्रम



गरीबों का सितारा

**जयपुर।** श्री भेरुजी महाराज के मंदिर कुमावतो की ढाणी, लालचंदपुरा में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव स्वामी बालमुकुंदाचार्य महाराज हाथोज धाम के सानिध्य में संपन्न हुआ। कथावाचक व्यास चंद्र प्रकाश शास्त्री ने कथा वाचन किया इस अवसर पर स्वामी बालमुकुंदाचार्य महाराज हाथोज धाम ने कहां की नवरात्रि के पुनीत अवसर पर भागवत कथा श्रवण करना सत्संग करना शुभ होता है। भागवत कथा ज्ञान उपदेश जीवन जीने की व्यवस्था सिखाता है। कथा आयोजक लालचंद, रामनारायण, बिरदीचंद, जगदीश, सुरेश कुमावत ने स्वामी बालमुकुंदाचार्य महाराज को श्रीफल, शॉल, दुपट्टा भेंट कर स्वागत किया तत्पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम वासियों ने प्रसादी ग्रहण की।

## रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कश्मीर घाटी में चुनाब ब्रिज का दौरा किया

# ब्रिज तथा सुरंगों का ट्रॉली से निरीक्षण कर परियोजना की प्रगति का जायजा लिया

### कश्मीर घाटी शीघ्र भारतीय रेल नेटवर्क से जुड़ेगी

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** अश्विनी वैष्णव, रेल, संचार, इलैक्ट्रॉलिक्स एवं सूचना प्रोद्योगिकी मंत्री, भारत सरकार का रविवार चेनाब ब्रिज के प्रगतिशील कार्यों का जायजा लेने के लिए कश्मीर घाटी में आगमन हुआ ' इस अवसर पर उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक श्री आशुतोष गंगल,एम डी, के आर सी एल, संजय गुप्ता, सी ए ओ /सी, यू एस बी आर एल श्री एस.पी माही, मण्डल रेल प्रबन्धक/ फिरोजपुर, डा. सीमा शर्मा सहित उत्तर रेलवे तथा प्रोजेक्ट से संबधित अन्य अधिकारियों ने मंत्रो जी का चेनाब आगमन पर उनका स्वागत किया / यू एस बी आर एल के अधिकारियों ने मंत्री जी को परियोजना के बारे में विस्तृत जानकारी से अवगत कराया ' मानवीय रेल मंत्री ने ट्राली द्वारा चेनाब ब्रिज तथा सुंरगो के प्रगतिशील कार्यों का जायजा लिया,







तत्पश्चात शेष बचे कार्य को समय सीमा के अंतर्गत यथाशीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये। वैष्णव ने विभिन्न चुनौतियों तथा विषम परिस्थितियों के बावजूद प्रोजेक्ट का कार्य पूरा करने के लिए इसमें शामिल सभी रेल कर्मियों की सराहना की तथा शेष कार्य को पूरा करने के लिए अपने समस्त प्रयास लगाने की लिए उनका मनोबल बढाया। इस अवसर पर रेलमंत्री जी ने विश्व के सबसे ऊँचे पुल से सभी जोनल मुख्यालयों के प्रमुख मेट्रो शहरों से कनेक्ट होकर समस्त देश में बाधारहित संचार का उदाहरण प्रस्तुत किया। इस बाधारहित संचार के औडियो तथा वीडियो कनेक्टिविटी को जियो के 300 एम बी पीएस इंटरनेट बैंडबिथ, एमरटेल के 100 एम बी पीएस इंटरनेट नेटवर्क, बीएस एन एल के 100 एमबीपीएस के साथ-साथ साल के ओएफसी केवल के द्वारा अंजाम दिया गया। इस अवसर एकत्रित मीडियो प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए वैष्णव ने कहा कि जनवरी/ फरवरी - 2024 तक यू एस बी आर एल प्रोजेक्ट पूरा होगा। वर्ष 2022-23 में इसके लिए रुपए 6000 करोड अवंटित किए गए हैं, जब ?कि 2014 से पहले इसका आवंटन प्रतिवर्ष 800 करोड़ रुपये था। उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला प्रोजेक्ट पूरा होने पर विशेष रूप से निर्मित वन्दे भारत रेलगाडी चलाई जायेगी। जम्मू में इंजीनियरो के विशेष ट्रेनिंग एकाडमी बनाई जायेगी। कश्मीर घाटी शीघ्र ही भारतीय रेल नेटवर्क से जुड़ेगी। देश के तीव्र विकास का सतत प्रयास किया जा रहा है।

# खोरा बीसल में हुआ रक्तदान शिविर

## रक्तदाताओ को हेलमेट देकर किया सम्मानित



गरीबों का सितारा

**जयपुर।** आमेर तहसील के ग्राम खोरा बीसल श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर में राजस्थान जैन सभा जयपुर के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन उप जिलाप्रमुख जयपुर मोहन डागर के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस दौरान उप जिलाप्रमुख डागर ने कहा की रक्तदान करना जीवन का सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय सरपंच सुरेन्द्र डाबी ने की। अतिथियों ने रक्तदाताओ को प्रशस्ति पत्र व हेलमेट देकर किया सम्मानित शिविर संयोजक अंकुर जैन ने बताया कि शिविर में कुल 50 युनिट रक्त एकत्रित हुआ जिसमें जनाना हास्पिटल की टीम ने अपनी सेवाएं दी। इस अवसर पर उप जिलाप्रमुख जयपुर मोहन डागर, पंचायत समिति सदस्य कानाराम यादव, बनवारी पुनिया, रामबिहारी शर्मा, महामंत्री अमर चन्द दीवान, पदमचन्द जैन, कार्यक्रम संयोजक अंकुर जैन, डाँ राहुल बरथानी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# जैन धर्म के परम पूज्य आचार्य श्री 108 वसुनंदी के परम प्रभाव शिष्य

## जैन समाज के लोगों ने प्राप्त किया महाराज श्री का आशीर्वाद





### श्रद्धानंद जी एवं पवित नंद जी महाराज के आगमन पर जैन समाज के लोगों ने की महाराज श्री की अगवानी

गरीबों का सितारा

**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर)।** शहर में जैन धर्म के परम पूज्य आचार्य श्री 108 वसुनंदी जी महाराज के परम प्रभाव शिष्य मुनिराज श्री श्रद्धानंद जी महाराज एवं पवित नंद जी महाराज के आगमन पर जैन समाज के लोगों ने उनकी अगवानी की ' साथ ही उनके आगमन पर जयकुमार पाटनी एवं राजेंद्र कुमार पाटनी ने अपने घर के बाहर रंगोली बनाकर उनकी आवभगत करते हुए अपने घर लेकर गये परिवार सहित उनका आशीर्वाद लिया ' इस दौरान परिवार के सभी सदयों ने उन्हें आचमन करवाया व उनका आशीर्वाद लिया ' तत्पश्चात जैन समाज के लोगों द्वारा महाराष्ट्र को सम्मान नया बाजार स्थित जैन मंदिर ले जाया गया ' जहां महाराज श्री ने अपने प्रवचनों से सभी को अपना आशीर्वचन दिया ' जैन धर्मावलंबी जयकुमार जैन ने बताय की महाराज श्री का मंगल विहार राजावास से होते हुए श्री विनोद कुमार प्रमोद कुमार मनोज कुमार चौधरी बड़जात्या के फार्म हाउस ग्राम रामपुरा तक हुआ है ' महाराज श्री का रात्रि विश्राम भी इसी फार्म हाउस पर होगा ' जहां जैन धर्म के अनुयाई महाराज जी के दर्शन का लाभ प्राप्त कर सकेंगे ' उन्होंने आगे बताया कि महाराज श्री का मंगल विहार लगातार चलता रहता है ये एक जगह ज्यादा समय तक नही ठहरते है।

# रॉयल्टी एन्ड ग्रोथ ऑफ फैशन इंडस्ट्री इन राजस्थान को लेकर आयोजित हुआ टॉक शो

## डिजाइनर रोहित कामरा फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर राज बंसल, एस्ट्रोलॉजर महावीर सोनी, मिस राजस्थान ग्रैंड इंडिया सिमरन शर्मा, मिस इंटरकॉन्टिनेंटल इंडिया मिताली कौर ने की राजस्थान के फैशन ग्रोथ पे चर्चा



गरीबों का सितारा

जयपुर। रॉयल्टी एन्ड ग्रोथ ऑफ फैशन इंडस्ट्री इन राजस्थान थीम को लेकर फ्यूजन ग्रुप एवं गठजोड़ फिल्म्स एन्ड एंटरटेनमेंट के संयुक्त तत्वावधान में टॉक शो का आयोजन हुआ। मिस राजस्थान के 25 वें संस्करण के आयोजनों की श्रंखला में टॉक शो का आयोजन मानसरोवर स्थित तक्षिला बिजनेस स्कूल में किया गया जिसमें फैशन एवं फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ी सख्शियतों ने हिस्सा लिया। ऑर्गनाइजर योगेश मिश्रा व निमिषा मिश्रा ने बताया की शो गठजोड़ फिल्म्स के साथ जुड़ के किया जा रहा है, जिसमें स्पीकर के रूप में फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर



राज बंसल, मिस राजस्थान एवं मिस ग्रैंड इंडिया सिमरन शर्मा, सेलेब्रिटी एस्ट्रोलॉजर एवं फिल्ममेकर महावीर कुमार सोनी, बॉलीवुड डिजाइनर रोहित कामरा, मिस राजस्थान रनरअप 2019 एवं मिस इंटरकॉन्टिनेंटल इंडिया 2021 मिताली कौर ने इस इंडस्ट्री की तेजी से होती ग्रोथ एवं महत्व पर अपनी बातें रखी। वहीं शो में प्रदेश में फैशन एवं फिल्म जगत में चल रही समस्याओं पर भी चर्चा हुई। शो में मॉडरेटर के रूप में फैशन जगत से अरशद हुसैन, मिस राजस्थान 2022 तरुशी राय, मिस राजस्थान रनरअप 2022 परिधि शर्मा, ने कार्यक्रम को गति प्रदान की। साथी आयोजक योगेश मिश्रा व निमिषा मिश्रा ने बताया कि मिस राजस्थान के पहला ऑडिशन 14 मई को जयपुर स्थित ग्रैंड उनियारा में आयोजित किया जाएगा जिसमें राजस्थान भर से गर्ल्स जयपुर आके ऑडिशंस दे सकेंगे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# ब्यावर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में केंद्र की तानाशाही सरकार के खिलाफ रोष व्यक्त

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग कर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द करने पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार ब्यावर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में केंद्र की तानाशाही सरकार के खिलाफ रविवार को महात्मा गांधी सर्किल चांग गेट पर सत्याग्रह (धरना) दिया। क्योंकि केंद्र की मोदिनित बीजेपी सरकार ने अलोकतांत्रित तरीके से राहुल गांधी के खिलाफ जो षडयंत्र रचा है वो देश के इतिहास में काला दिवस से भी बढ़कर है,इसकी जितनी निंदा की जाए कम है। केंद्र की बीजेपी मोदी सरकार डरी हुई है क्योंकि राहुल गांधी निरंतर देश की जनता के लिए आवाज उठा रहे हैं लोकसभा में चाहे महंगाई हो बेरोजगारी का मुद्दा हो चीन की गुसपेठ हो,अडानी और भगोडे मोदी का मुद्दा हो राहुल जनता



की आवाज को संसद में उठा रहे थे तो इस नाकारा मोदानी सरकार ने ऐसी घटिया हरकत करी जो इतिहास का सबसे काल दिवस है।कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष अशोक रांका,ब्यावर विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी रहे मनोज चौहान,पूर्व विधायक माणक डाणी,वरिष्ठ कांग्रेसी कैलाश सांखला,पीसीसी सदस्य सहदेव सिंह रावत,सेवादल अध्यक्ष विक्रम सोनी,पूर्व सभापति शांति डाबला,पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सोहन मेवाडा,पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामेश्वर मेवाड़ा,बालूराम सेन,रोशन काठात,देवेंद्र सिंह काठात,पार्षद राजेन्द्र तुनगरिया,घनश्याम फुलवारी,दीपक चतुवेर्दी,हरी सिंह,पूर्व पार्षद बाबूलाल पंवार,एडवोकेट विजय पारीक,जिला मीडिया प्रभारी अजय स्वामी,इन सभी वक्ताओं ने बीजेपी मोदानी सरकार को जमकर कोसते हुए इस फैसले की निंदा की और इस तानाशाही कदम को लोकतान्त्रिक हत्या करार दिया है।







## सरकार और डॉक्टर्स के बीच वार्ता विफल

**डॉक्टरों ने दो टूक कहा- हमें राइट टू हेल्थ बिल मंजूर नहीं; केवल सीएम से ही करेंगे बातचीत**

**जयपुर।** राइट टू हेल्थ बिल के विरोध में हड़ताल पर चल रहे डॉक्टर्स के साथ सरकार की वार्ता विफल हो गई। रविवार को दोपहर 3 बजे सचिवालय में मुख्य सचिव उषा शर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव अखिल अरोड़ा, प्रमुख सचिव टी रविकांत और जयपुर कलेक्टर की मौजूदगी में डॉक्टर्स से बातचीत हुई। बैठक में डॉक्टर्स ने दो टूक कहा- हमें राइट टू हेल्थ बिल मंजूर नहीं है। बिल वापस लीजिए। ये बोलकर डॉक्टर्स सचिवालय से वापस चले आए हैं। प्राइवेट हॉस्पिटल एवं नर्सिंग होम सोसाइटी (पीएचएनएस) के सचिव विजय कपूर ने बताया- हम सचिवालय में वार्ता करने गए थे। हमने अफसरों को कहा- यह बिल असंवैधानिक है। हम लोग मुख्यमंत्री के अलावा किसी से बात नहीं करेंगे। क्योंकि मुख्यमंत्री ही इस बिल को वापस ले सकते हैं। हमने निवेदन नहीं किया हमने शक्ति से बोला है कि इस बिल को वापस ले लीजिए। उन्होंने कहा- सोमवार जयपुर में ऐसा आंदोलन किया जाएगा जो न पहले कभी हुआ न फिर कभी होगा। इससे पहले सुबह एसएमएस हॉस्पिटल के जीबीएम (जनरल बॉडी मीटिंग) में डॉक्टर्स की मीटिंग हुई। इसके बाद जयपुर में डॉक्टर्स ने जवाहर सर्किल तक कार रैली निकाली। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सुबह 10 बजे दिल्ली चले गए। इसलिए वो मीटिंग में शामिल नहीं हो सके। शनिवार को डॉक्टर हड़ताल को लेकर गहलोत शनिवार को दिल्ली दौरा बीच में छोड़कर शाम को जयपुर पहुंचे थे। जयपुर पहुंचते ही सीएम ने स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा, मुख्य सचिव उषा शर्मा सहित वरिष्ठ अफसरों के साथ बैठक की। सीएम ने मुख्य सचिव को डॉक्टरों के साथ बैठक करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद देर रात मुख्य सचिव ने हेल्थ डिपार्टमेंट के वरिष्ठ अफसरों से चर्चा की। रात को डॉक्टर वार्ता को तैयार नहीं थे। डॉक्टर्स मीटिंग में नहीं पहुंचे। डॉक्टर्स ने बात करने से मना कर दिया था।




स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मो. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com